दैनिक हिन्दी अख़बार
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 3 | अंक: 19 जयपुर, गुरुवार, 28 दिसंबर, 2023 | पौष, कृष्ण पक्ष- द्वितीया, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### गुना: बस में लगी आग, दस लोग जिंदा जले



**गुना।** मध्यप्रदेश के गुना में यात्री बस में आग लगने से 10 लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। बस से अब तक जले हुए 10 शव निकाले जा चुके हैं, जबकि गंभीर रूप से जले 15 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा बुधवार रात लगभग साढ़े 8 बजे हुआ। बस गुना से आरोन तरफ जा रही थी, इसी दरम्यान एक डंपर से बस की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस पलट गई और उसमें आग लग गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और फंसे लोगों को निकाला।

### इजराइली दूतावास विस्फोट में मिले अहम सुराग



**नई दिल्ली।** चाणक्यपुरी स्थित इजराइल दूतावास के पास मंगलवार को हुए विस्फोट में जांच टीम को अहम सुराग हाथ लगा है। घटना से ऐन पहले सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग में दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए हैं। विस्फोट से कुछ देर पहले दो युवक सड़क पर चलते हुए देखे गए हैं। पुलिस टीम आस-पास के इलाकों में लगे सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग भी खंगाल रही है। इस घटना के बाद पुलिस ने सुरक्षा कड़ी करते हुए राष्ट्रीय राजधानी में गश्त बढ़ा दी है। घटनास्थल का दौरा करने वाले सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि घटनास्थल पर विस्फोटक का कोई अवशेष नहीं मिला।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**प्रदेश के उज्ज्वला और बीपीएल कनेक्शनधारियों को 1 जनवरी से मिलेगा लाभ, BJP ने इसे किया था अपने घोषणा पत्र में शामिल**

# नए साल में सरकार का तोहफा... 450 रुपए में मिलेगा सिलेंडर

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की भजनलाल सरकार ने बुधवार को उज्ज्वला और बीपीएल कनेक्शनधारियों को 450 रुपए में सिलेंडर देने की घोषणा की। बीजेपी ने इसे अपने घोषणा पत्र में शामिल किया था, जिसे बाद में सरकार ने अपने 100 दिवस के संकल्प पत्र में भी शामिल किया है। बुधवार को अपने टोंक दौरे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसकी घोषणा की। मुख्यमंत्री यहां विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में शामिल हुए थे। इससे पहले फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट ने प्रस्ताव बनाकर मुख्यमंत्री को भिजवाया था। इसके बाद इसकी घोषणा की गई। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार ने इन कनेक्शनधारियों को 500 रुपए में सिलेंडर देने की शुरुआत की थी, जो 1 अप्रैल से लागू हुई थी, लेकिन अब भजनलाल सरकार इस सिलेंडर को 50 रुपए और सस्ता करने जा रही है। इसकी शुरुआत एक जनवरी से की जाएगी।



### सब्सिडी की राशि राज्य सरकार करेगी वहन

सीएम भजनलाल बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कैंप का निरीक्षण करने टोंक विधानसभा क्षेत्र के मालपुरा में पहुंचे थे। यहां सीएम ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत बीपीएल और उज्ज्वला योजना परिवार की महिलाओं को नए साल की 1 तारीख से रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी दी जाएगी। लाभार्थी महिलाओं को गैस सिलेंडर 450 रुपए में मिलेगा। इस योजना के तहत सब्सिडी की राशि राज्य सरकार वहन करेगी। यह सब्सिडी लाभार्थी महिलाओं के खाते में सीधे हस्तांतरित की जाएगी।

### प्रदेश में है 70 लाख उज्ज्वला और बीपीएल कनेक्शनधारी

प्रदेश में वर्तमान में 70 लाख उज्ज्वला और बीपीएल कनेक्शनधारी हैं। इसमें करीब 66 लाख उज्ज्वला के हैं, जबकि 4 लाख बीपीएल कनेक्शनधारी। केंद्र सरकार की ओर से उज्ज्वला कनेक्शनधारियों को 300 रुपए सब्सिडी देने के बाद राज्य सरकार को 156 रुपए सब्सिडी अलग से देनी पड़ेगी। राज्य में वर्तमान में इन कनेक्शनधारियों की तरफ से 30 लाख सिलेंडर हर महीने रिफिल करवाए जा रहे हैं।

### 52 करोड़ का आएगा अतिरिक्त भार

सरकार के इस निर्णय के बाद राज्य के वित्तीय कोष पर हर महीने 52 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। वर्तमान में तेल-गैस कंपनियां 14.2 किलोग्राम का रसोई गैस सिलेंडर 906 रुपए में उपलब्ध करवा रही है। केंद्र सरकार की ओर से उज्ज्वला कनेक्शनधारियों को 300 रुपए की सब्सिडी दी जाती है।

**नई सरकार की 100 दिन की कार्य योजना**

**शिक्षा, चिकित्सा-स्वास्थ्य एवं पुलिस महकमा रहा अव्वल, शेष विभागों में काम अधूरा**

# आदेश के 10 दिन बाद भी योजनाओं का खाका नहीं

**हरीश भामनिया** | बेधड़क

- सीएम ने 18 दिसंबर को दिए थे सभी सरकारी विभागों को निर्देश
- बजट सत्र से पूर्व सरकार ने मांगी है कार्य योजना की रिपोर्ट

**जयपुर।** प्रदेश में नई सरकार बनते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी पहली बैठक में सभी विभागों को आगामी 100 दिनों की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए थे। सरकार के पहले ही आदेश को लेकर आधे से ज्यादा विभागों ने कार्ययोजना को लेकर अपना काम लगभग पूरा कर लिया है, जबकि कई विभागों में इसको लेकर काम अभी धीमा है। सच बेधड़क ने भजनलाल सरकार द्वारा सरकारी विभागों को दिए पहले बड़े निर्देश पर अब तक हुए काम को लेकर विभिन्न विभागों के कामों की पड़ताल की। इसमें सामने आया कि सरकार के इस निर्देश पर शिक्षा, चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के अलावा पुलिस प्रशासन ने कार्य योजना को लेकर अपना काम लगभग पूरा कर लिया है, वहीं सचिवालय के कई महत्वपूर्ण विभागों के मुखिया अभी तक केवल बैठकें ही कर रहे हैं। इधर, सरकार की मंशा है कि आगामी बजट सत्र से पूर्व सभी मुख्य सरकारी विभाग 100 दिन की कार्य योजना का खाका तैयार कर लें ताकि सरकार विधानसभा के अपना पहला प्रजेंटेशन प्रभावी रूप से दे सके।



### ये विभाग अभी तक कर रहे हैं कार्य योजना पर काम

जल संधासन, वित्त, पशुपालन, उद्योग, पर्यावरण, कृषि, आबकारी, आवासन, विद्युत सहित 20 से ज्यादा महत्वपूर्ण विभाग कार्य योजना पर आधे से ज्यादा काम कर चुके हैं। शेष बचे विभागों में केवल बैठकों का ही दौर चल रहा है।

### स्वायत्त शासन विभाग से मांगी सरकार ने 100 दिन की कार्य योजना की रिपोर्ट

प्रदेश में भजनलाल सरकार ने नगरीय विकास विभाग (यूडीएच) से 100 दिन की कार्य योजना मांगी है। इसका प्लान इस तरह से तैयार करने के निर्देश दिए हैं कि इसे अगले 3 महीने में पूरा करके जनता के सामने उसका रिजल्ट दिया जा सके।

### शिक्षा विभाग अव्वल, काम भी किए तय

सरकार के 100 दिन की कार्ययोजना बनाने के निर्देशों में सबसे पहले प्रदेश के शिक्षा विभाग ने कार्ययोजना का खाका तैयार किया है। साथ ही कार्ययोजना में किए जाने वाले कामों को भी बताया है। इनमें 100 दिन में रिक्त पदों को भरने का लक्ष्य तय करने के साथ 18000 से ज्यादा पदों पर कर्मचारियों को प्रमोशन, 7,31,163 स्टूडेंट्स को आगामी 90 दिन में साइकिलें देने के अलावा वर्ष 2022 की लंबित शिक्षिकों की भर्ती आगामी 90 दिनों में करने की बात कही है।

### चिकित्सा एवं स्वास्थ्य और पुलिस महकमे का काम लगभग पूरा

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जन-जन से जुड़ा विभाग है। साथ ही प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाले पुलिस महकमा भी प्रदेश में कानून व्यवस्था के लिए जवाबदेही है। सरकार की 100 दिन की कार्ययोजना को लेकर इन दोनों ही विभागों ने अपना काम लगभग पूरा कर लिया है। अगले सप्ताह तक रिपोर्ट जारी हो सकती है।

**दिल्ली में मुख्य सचिवों का 3 दिवसीय सम्मेलन शुरू**

## CS उषा शर्मा सहित एसीएस भी हुए शामिल

दिल्ली में बुधवार से 3 दिवसीय मुख्य सचिवों का सम्मेलन शुरू हुआ। गुरुवार को पीएम मोदी सम्मेलन में शामिल होंगे। ये सम्मेलन 29 दिसंबर तक चलेगा। इसमें मुख्य सचिव उषा शर्मा सहित अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह, प्रमुख सचिव भास्कर सांवत और नवीन जैन शामिल हुए। इस अवसर पर सचिव नवीन जैन ने राजस्थान में शिक्षा के बढ़ते कदम के इनिशिएटिव को लेकर प्रजेंटेशन दिया। इसके अलावा गुरुवार को सम्मेलन में ऊर्जा में क्वालिटी एफिशिएंसी और रिलाइबिलिटी को लेकर भी परिचर्चा होगी। एसीएस शुभ्रा सिंह हेल्थ एंड वैलनेस को लेकर परिचर्चा में शामिल होगी।

**अजमेर, भरतपुर, दौसा-झुंझुनूं में मिले 4 रोगी**

# देश के आठ राज्यों में फैला कोरोना का नया JN.1 वैरिएंट

**एजेंसी** | दिल्ली/जयपुर

कोरोना का नया वैरिएंट JN.1 देश के 8 राज्यों में फैल चुका है। देशभर में अब तक इसके कुल 110 केस मिले हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 36 गुजरात में दर्ज किए गए हैं। प्रदेश में भी कोरोना के नए सब वैरिएंट JN.1 की पुष्टि हुई है। जीनोम सिक्वेंसिंग में 4 मरीजों में नया सब वैरिएंट मिला है।

अजमेर, दौसा, झुंझुनूं और भरतपुर के मरीजों में यह वैरिएंट मिला है। दौसा जिले में पॉजिटिव आए मरीज की पिछले दिनों मौत हो चुकी है। वह सिलिकोसिस बीमारी से भी पीड़ित था।

SMS मेडिकल कॉलेज की माइक्रोबायोलॉजी की सीनियर प्रोफेसर डॉ. भारती मल्होत्रा के अनुसार पिछले दिनों कोविड के जो पॉजिटिव मरीज मिले थे, उनकी जिनोम सिक्वेंस की जांच एसएमएस मेडिकल कॉलेज की लैब में कराई गई। इनमें से 4 सैंपल की जांच में कोरोना के नए सब-वैरिएंट JN.1 की पुष्टि हुई है।



### ज्यादा खतरनाक नहीं है नया वैरिएंट

हेल्थ एक्सपर्ट्स की माने तो कोरोना का सब वैरिएंट JN.1 ज्यादा खतरनाक नहीं है। इस वैरिएंट से प्रभावित जितने भी मरीज मिले हैं, उनमें बीमारी के हल्के लक्षण मिले हैं। हालांकि जिन मरीजों की मौत हुई है, उनमें अधिकांश मरीज पहले से किसी न किसी बीमारी से पीड़ित थे।

### पिछले एक सप्ताह में आ चुके हैं 26 केस


राजस्थान में कोविड पॉजिटिव केसों की स्थिति देखें तो पिछले एक सप्ताह के दौरान 26 पॉजिटिव केस मिल चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा 10 केस जयपुर जिले में है, जबकि अजमेर, झुंझुनूं, भरतपुर, दौसा समेत अन्य जिलों में भी मरीज मिले हैं।

मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट के अधिकारियों के मुताबिक इसमें एक मरीज दौसा का था, जबकि एक-एक मरीज झुंझुनूं, अजमेर और भरतपुर में मिले थे। दौसा में जो मरीज मिला था, उसकी पिछले दिनों SMS अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो चुकी है।

# सांगानेर एयरपोर्ट को दी बम से उड़ाने की धमकी

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर के सांगानेर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बुधवार को एयरपोर्ट प्रबंधन को अज्ञात व्यक्ति ने मेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी दी है। धमकी मिलने के बाद पूरे एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। वहीं पूरे एयरपोर्ट पर बम की तलाश में सर्च अभियान चलाया गया, हालांकि सुरक्षा कर्मियों को कहीं भी बम नहीं मिला है। वहीं एतिहात तौर पर बम निरोधी दस्ता व डॉग स्क्वॉयड की मदद से बम को तलाशा गया, करीब तीन घंटक की तलाशी में कही भी बम नहीं मिला। एयरपोर्ट प्रबंधन ने एयरपोर्ट थाने में भी शिकायत दी। थानाधिकारी ममता मीना ने बताया कि मेल कहां से आया है, इसकी जांच की जा रही है।



**कांग्रेस का बड़ा फैसला**

# अब राहुल करेंगे 'भारत न्याय यात्रा', मणिपुर से 14 जनवरी से होगी शुरुआत

- 'भारत जोड़ो यात्रा' की तर्ज पर 'भारत न्याय यात्रा'
- 6,200 किमी की दूरी तय करेंगे राहुल गांधी
- 20 मार्च को मुंबई में होगा यात्रा का समापन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस ने बड़ा फैसला किया है। कांग्रेस ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब दूसरी यात्रा निकालने की घोषणा की है। कांग्रेस ने इस यात्रा का नाम 'भारत न्याय यात्रा' रखा है, जोकि 14 जनवरी से शुरू होगी और 20 मार्च को समाप्त होगी। मणिपुर से मुंबई तक होने वाली इस यात्रा में कांग्रेस 6,200 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने बताया कि 'भारत न्याय यात्रा' असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और गुजरात समेत 14 राज्यों से होकर 6,200 किमी की दूरी तय करेगी। इस यात्रा की ज्यादातर दूरी बस से तय की जाएगी। वहीं कुछ जगहों पर पदयात्रा भी की जाएगी।




### 85 जिलों को कवर करेगी यात्रा

इस मेगा यात्रा में बस का इस्तेमाल किया जाएगा। यात्रा में शामिल नेता समय-समय पर कुछ देर तक पैदल भी चलेंगे। इस यात्रा के जरिए 14 राज्यों के 85 जिलों का कवर किया जाएगा। 6200 किमी की इस यात्रा में कांग्रेस जिन राज्यों को कवर करेगी, उनमें मणिपुर, नागालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र शामिल हैं। कांग्रेस का कहना है कि इस यात्रा का मकसद पार्टी के विचार ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच बनाना है।

### क्यों रखा भारत न्याय नाम?

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश से पूछा गया कि इस यात्रा का नाम न्याय यात्रा क्यों रखा गया, तो उन्होंने कहा कि हम जनता को आश्वासन को दिलाना चाहते हैं कि आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक न्याय उपलब्ध कराएंगे। कांग्रेस का लक्ष्य इस यात्रा के जरिए अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना है, इसीलिए पार्टी ने इतनी लंबी यात्रा का रूट चुना है। पार्टी ने इसकी शुरुआत मणिपुर से की है क्योंकि वहां बीते साल मई महीने से हिंसा का दौर जारी है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर अब तक मणिपुर में हिंसा नहीं रोक पाई है। अब कांग्रेस और राहुल गांधी मणिपुर को आधार बनाकर देश में सरकार के खिलाफ माहौल बनाने की तैयारी कर रहे हैं।



### केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने किया कटाक्ष

'भारत न्याय यात्रा' पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि जिन्होंने अपने शासनकाल में 1984 के दंगा पीड़ितों को न्याय नहीं दिया, अब वो किसे न्याय देने की बात कर रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह कि उनके साथ टुकड़े-टुकड़े गैंग खड़ा है। भाजपा ने कांग्रेस की भारत न्याय यात्रा की घोषणा पर तीखा तंज कसा है। -पेज 7 भी देखें

**जरूरी खबर**

### कांग्रेस के स्थापना दिवस पर आज होंगे कई कार्यक्रम



**बेधड़क, जयपुर।** कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस के मौके पर गुरुवार को प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर ध्वजारोहण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि सुबह 10 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रमों का दौर शुरू होगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

### अनुशासन और समर्पण से ही विकास: देवनानी

**बेधड़क जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि अनुशासन, प्रतिबद्धता और समर्पण से ही बच्चों का विकास हो सकेगा। इन गुणों से ही संस्कार और राष्ट्र सेवा का भाग समाहित है। उन्होंने कहा कि आज नौकरी देने वाले युवा तैयार करने की आवश्यकता है। देवनानी बुधवार को माहेश्वरी विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बोल रहे थे। इस दौरान देवनानी ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया। वहीं समारोह में स्मारिका स्पंदन का विमोचन भी किया। देवनानी ने कहा बच्चों से कहा कि हम प्रतिबद्धता और समर्पण से काम करेंगे तो डवलपमेंट स्वतः ही हो जाएगा।

### राजस्थान जैन सभा ने किया सीएम का स्वागत



**बेधड़क,जयपुर।** राजस्थान जैन सभा जयपुर के पदाधिकारियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का अभिनन्दन किया है। सभा के महामंत्री मनीष बैद ने बताया कि राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन के नेतृत्व में मुलाकात कर राजस्थान जैन सभा द्वारा समाज हित में की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। इस मौके पर सभा द्वारा महावीर जयंती पर प्रकाशित स्मारिका भी मुख्यमंत्री को भेट की और भगवान महावीर के 2623 वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर सभा के तत्वावधान में 21 अप्रैल को जयपुर में आयोजित होने वाले महावीर जयंती समारोह के लिए आमंत्रण दिया। सीएम ने समयानुरुप समारोह में आने का आश्वासन दिया।

**सियासत बदलते ही पूर्व सरकार की योजनाओं के** नाम बदलने की आगे बढ़ेगी परिपाटी

# सरकार बदली, अब पूर्व सरकार की योजनाओं के नाम की बारी!

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में सरकार बदलने के साथ ही पिछले कांग्रेस सरकार की योजनाओं के नाम बदलना तय माना जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले दो दशकों से सरकार बदलते ही आमजन से जुड़ी योजनाओं के नाम बदलने की परिपाटी चलती आ रही हैं।

ऐसे में यह तय मन जा रहा है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही पूर्व कांग्रेस सरकार की योजनाओं के नाम बदलने की प्रबल संभावनाएं है। वहीं कांग्रेस सरकार की सबसे बड़ी चिरंजीवी योजना को भी आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने को लेकर कवायद चल रहीं हैं। भजनलाल सरकार ने दो दिन पहले राजीव गांधी युवा मित्र और महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों की भर्ती रद्द करने के बाद कांग्रेस नेताओं ने योजनाओ को नाम बदल कर जारी रखने की मांग की थी। गौरतलब है कि हाल ही में पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने भी योजनाओं के नाम बदलने को लेकर भजनलाल सरकार पर निशाना साधा था।





### गहलोत सरकार ने बदले थे इन योजनाओं के नाम

गहलोत सरकार ने सत्ता में आते ही सभी सरकारी दस्तावेजों से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर हटवा दी थी। दीनदयाल उपाध्याय वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना का नाम मुख्यमंत्री वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना कर दिया गया। गुरु गोलवलकर ग्रामीण जन भागीदारी योजना का नाम महात्मा गांधी ग्रामीण जनभागीदारी योजना कर दिया गया। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना का नाम भी बदलकर राजीव गांधी जल स्वावलंबन योजना कर दिया गया। ग्रामीण गौरव पथ की जगह सरकार ने विकास पथ के नाम से योजना बनाई, जबकि भामाशाह को जन आधार योजना बना दिया। किसान राहत आयोग का नाम बदल कर कृषक कल्याण कोष कर दिया गया।

### हर बार होते हैं करोड़ों रुपए खर्च

प्रदेश में सरकार बदलते ही योजनाओ के नाम बदलने पर करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। योजना का नाम बदलने पर ग्राम प्रंचायत स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक होर्डिंग, पोस्टर, बैनर और सरकारी विज्ञापन में करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। ऐसे में यदि राजनीतिक लोगों के नाम पर योजनाओं के नाम पर नहीं रखे जाए तो करोड़ों रुपए की बचत हो सकती है।

### इन योजनाओं के बदल सकते हैं नाम

- इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना
- इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना
- महात्मा गांधी सेवा प्रेरक भर्ती योजना
- इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना
- इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना
- इंदिरा रसोई योजना शहरी व ग्रामीण
- इंदिरा महिला उद्यम शक्ति योजना
- राजीव गांधी कृषक साथी योजना
- राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना
- राजीव गांधी शहरी व ग्रामीण ओलंपिक खेल
- राजीव गांधी किसान बीज उपहार योजना
- इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना

**टोंक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के** शिविर में बोले सीएम...

# पिछली सरकार ने किसानों और युवाओं को दिया धोखा

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को अपने एक दिवसीय दौरे के तहत टोंक पहुंचे। उन्होंने यहां विकसित भारत अभियान के शिविर का अवलोकन किया तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पाने वाले लाभार्थियों से मुलाकात कर बातचीत की। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि पिछली सरकार ने युवाओं, महिलाओं, किसानों को धोखा दिया।

टोंक जिले के लाम्बा हरिसिंह गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में लाभार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान सरकार की प्राथमिकताएं बताई। उल्लेखनीय है कि टोंक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट का गढ़ माना जाता है। पायलट यहां से लगातार दूसरी बार विधायक बने हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार टोंक पहुंचे भजन लाल शर्मा ने राजस्थान की पिछली सरकार पर भी जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि 70 सालों तक कांग्रेस ने झूठ बोलकर राज किया। गरीबी हटाओ का नारा देने वालों ने गरीबी नहीं हटाई।




### आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ प्रतिनिधिमंडल ने दी सीएम भजनलाल शर्मा को बधाई

राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री बनने पर शर्मा को बधाई दी और आश्वासन दिलाया कि बोर्ड प्रशासन सरकार के साथ प्रदेश के विकास में अहम योगदान देगा। प्रतिनिधिमंडल में कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दशरथ कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष भगवती प्रसाद, उपाध्यक्ष पंकज गर्ग, खेल मंत्री दारासिंह, कोषाध्यक्ष मोहन सिंह एवं महेश शर्मा शामिल रहे। महामंत्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि प्रदेश के साथ-साथ राजस्थान आवासन मंडल का भी सुदृढ़ीकरण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को उम्मीद रहती है कि बोर्ड उनको सस्ती दरों पर गुणवत्ता वाले आवास मुहैया करवाए। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की तरफ से बोर्ड को हरसंभव मदद की जाएगी, ताकि बोर्ड जनहित में कार्य करके प्रदेश में आवास हीन लोगों को आवास उपलब्ध करवा सकें।

### एक-एक मामले की जांच होगी

सीएम ने कहा कि पिछली सरकार ने पूरे राजस्थान में भष्टाचार किया। अब एक-एक मामले की जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई भी होगी। उन्होंने कहा कि हमने 68 हजार से ज्यादा किसान क्रेडिट कार्ड दिए हैं, क्योंकि हम जानते है कि जब किसान को पैसों की जरूरत होती है वह चार-चार चक्कर लगाता है। इसलिए क्रेडिट कार्ड हम लेकर आए है।

### BJP प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी CM से मिले

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बुधवार शाम को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने मुलाकात की। प्रदेश में मंत्रिमंडल के गठन को चल रही कवायद के बीच इस मुलाकात को अहम माना जा रहा है। हालांकि मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। उल्लेखनीय है कि इसी सप्ताह में किसी भी समय सरकार अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकती है।

**पूर्व मंत्री का भाजपा पर हमला**

## प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट, खुलेआम महिला को कुचला: खाचरियावास

**बेधड़क** | जयपुर



पूर्व मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने शहर में महिलाओं के साथ हुई दो घटनाओं को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। पीसीसी में आयोजित एक समारोह में पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद से लगातार प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होती जा रही है। उन्होंने कहा कि क्रिसमस की रात्रि को सुबह 4 बजे सरेआम मालवीय नगर में एक महिला को कुचलकर मार डाला तो दूसरी तरफ चित्रकूट इलाके में चेन तोड़ने के लिए बदमाश महिला को घसीटते रहे और सरेआम चेन लूटकर ले गए।

खाचरियावास ने कहा कि भाजपा सरकार का हनीमून पीरियड राजस्थान की जनता के लिए बहुत महंगा पड़ रहा है। सरकार के एक मुख्यमंत्री और दो उप मुख्यमंत्री होने के बावजूद जनता की सुनने वाला, काननू व्यवस्था संभालने वाला कोई नहीं है। दिन-प्रतिदिन कानून व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। अपराधियों के हौंसले बढ़ रहे हैं, खुलेआम लूट-डकैती, हत्या, बलात्कार की घटनाए लगातार बढ़ रही है। राजस्थान में मंत्री मंडल बनने में समय लग रहा है, इससे जनता को कोई सरोकार नहीं है। यह जिम्मेदारी सरकार की होती है और सरकार काम कर रही है। चुनाव से पहले भाजपा नेता बडी-बडी बातें कर रहे थे, चुनाव जीतने के बाद भाजपा नेताओं के मुंह पर ताला लग गया है। वो कोई भी वादा पूरा नहीं करना चाहते, सिर्फ बातें ही कर रहे हैं। खाचरियावास ने कहा कि भाजपा सरकार तुरंत प्रभाव से कानून व्यवस्था को ठीक करें, जिससे प्रदेश में अपराधियों के हौंसले पस्त हों और आम जनता दहशत के माहौल से बाहर आ सके।

### सीएम ने हरिशंकर भाभड़ा की पूछी कुशलक्षेम

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मालवीय नगर स्थित रूंगटा अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती राजस्थान के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री हरिशंकर भाभड़ा की कुशलक्षेम पूछी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से भाभड़ा के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए कामना की।

**प्रशासन शहरों के संग अभियान की** छूट हो सकती है शुरू

## UDH से मांगा 100 दिन का प्लान

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में सरकार ने नगरीय विकास विभाग से 100 दिन की कार्ययोजना मांगी है। इसका प्लान इस तरह से तैयार करने के निर्देश दिए हैं कि इसे अगले 3 महीने में पूरा करके जनता के सामने उसका रिजल्ट दिया जा सके।

यूडीएच ने प्रदेश के तमाम यूआईटी, विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड, मेट्रो प्रशासन को प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसमें विभाग ने इन सभी एजेंसियों को पत्र लिखकर अपने-अपने क्षेत्र के जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। हालांकि सूत्रों का मानना है कि अधिकांश एजेंसियों से प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत आए आवेदनों का निस्तारण करने के लिए पूरा करने के लिए अभियान को फिर से शुरू करने की मांग की जा सकती है। विधानसभा चुनावों की आचार संहिता लगने के बाद प्रशासन शहरों के संग अभियान और उसके तहत दी जाने वाली छूट पर रोक लग गई थी। उस समय प्रदेश के 200 से ज्यादा नगरीय निकायों में 60 हजार से ज्यादा लोगों के आवेदन पेंडिंग रह गए थे। इसमें ज्यादातर आवेदन जमीनों की लीजडीड (पट्टे) जारी करने से संबंधित थे। इसके अलावा नाम ट्रांसफर, उपविभाजन, पुर्नगठन, फ्री हेल्ड पट्टा, स्टेट ग्रांट एक्ट के तहत पट्टे जारी करने के भी प्रकरण शामिल हैं।

### शहर में ये प्रोजेक्ट निर्माणाधीन

जेडीए की तरफ से 4 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। इसमें बीटू बाइपास पर सिग्नल फ्री जंक्शन बनाने, झोटवाड़ा में एलीवेटेड रोड बनाने के अलावा जवाहर सर्किल पर अंडरपास और सौंदर्यीकरण काम और एसएमएस हॉस्पिटल में आईपीडी टॉवर का काम चल रहा है। इनमें से कोई भी प्रोजेक्ट मार्च 2024 तक पूरा नहीं होगा।

**लाभार्थियों से पीएम के वर्चुअल** संवाद में BJP प्रदेशाध्यक्ष ने कहा...

## गारंटी वाली गाड़ी जनसेवा का प्रतिबिंब

**बेधड़क** | अलवर



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी बुधवार को बस्सी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम के वर्चुअल प्रसारण के दौरान उपस्थित रहे। उन्होंने यहां भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और लाभार्थियों को संबोधित किया।

इस अवसर पर जोशी ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जन सेवा का प्रतिबिंब है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से पूरे देश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंच रही है, जिसका जनता जोश के साथ स्वागत कर रही है। जोशी ने कहा कि जिन लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नही मिला वे कैंपों में जाकर अपना पंजीकरण करवा रहें हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने साधारण परिवार में जन्म लिया है, इसलिए उन्हें पता है कि गरीबी क्या होती है। भाजपा की मोदी सरकार ने जितनी कल्याणकारी योजनाएं देश और प्रदेश को दी है शायद किसी ने नही दी होगी। चार करोड़ गरीब परिवारों को मकान मिला, उज्जवला योजना से माताओं बहनों को धुएं से मुक्ति मिली, आयुष्मान भारत योजना से गरीब को मुफ्त इलाज मिला, जल जीवन मिशन योजना से पेयजल मिला, घर-घर शौचालय बने, जन-धन में बैंक खाते खुले, किसान सम्मान निधि मिली, बेटी के जन्म से लेकर विवाह तक के लिए अनेक योजनाएं, गर्भवती माताओं के लिए योजना, स्वनिधि योजना एवं विश्वकर्मा योजना के माध्यम से रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहें है तो राजीविका के माध्यम से बहनों को अत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है।

**करणपुर विधानसभा चुनाव**

# भाजपा सिर्फ चंद उद्योगपतियों की है पार्टी: पायलट

**बेधड़क** | जयपुर

करणपुर विधानसभा सीट पर चुनाव में जीत को लेकर कांग्रेस अपनी पूरी ताकत लगा रहीं हैं। बुधवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने जन सभा को संबोधित किया। गौरतलब है कि मंगलवार को सीएम भजन लाल शर्मा करणपुर में सभा को संबोधित किया था।

करणपुर में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सचिन पायलट ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। पायलट ने कहा भाजपा वो पार्टी है जो न किसान की है और ना नौजवान की है, यह सिर्फ चंद उद्योगपतियों की है और उनके लिए पूरे देश की संपत्तियों को बेचा जा रहा है।



बीजेपी को घेरते हुए पायलट ने कहा कि किसानों की आमदनी दोगुनी करने की बात करने वाली पार्टी किसानों के खिलाफ काले कानून बनाती है। किसानों के लंबे संघर्ष के बाद भाजपा को अपने तीनों काले कानून वापस लेने पड़े। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण की घोषणा किए जाने पर भी सचिन पायलट ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस राज के दौरान फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण की वित्तीय स्वीकृति जारी हो चुकी है। इसके साथ ही पायलट ने दिल्ली में महिला पहलवानों के द्वारा जंतर-मंतर पर दिए गए धरने और भाजपा नेता पर यौन शोषण के आरोप में भी कोई कार्रवाई नहीं करने और महिला पहलवानों के द्वारा पदक लौटाए जाने पर भी तंज कसा।

सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा की सरकार बने हुए कुछ ही टाइम हुआ है, लेकिन जनता अब भाजपा की असलियत जान चुकी है। सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा की सरकार से मंत्रिमंडल भी नहीं बन पाया है।

### किसानों के मुद्दों पर की बात

पायलट ने कहा कि किसानों को कमजोर करने का काम किसी ने किया है तो वह भाजपा की सरकार ने किया है।'उन्होंने कहा कि राजस्थान में सरकार आज भाजपा की बन गई, लेकिन गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले में नौजवानों और किसानों में कांग्रेस की जो मजबूती थी वह पहले से ज्यादा हुई है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने सरकार जरूर बना ली है लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल और कांग्रेस की विचारधारा से सहमति रखने वाले लोगों का हौसला बुलंद है।

### रोड शो में लिया हिस्सा

जनसभा को संबोधित करने के बाद सचिन पायलट ने कांग्रेस प्रत्याशी रुपिंदर सिंह कुन्नर के समर्थन में रोड शो निकाला। उन्होंने मतदाताओं से कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करने की अपील की। बता दें, करणपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी गुरमीत सिंह कुन्नर का निधन हो जाने के बाद चुनाव आयोग ने यहां चुनाव स्थगित कर दिए थे।

**सीएम के निर्देश के बाद** एक्शन में पुलिस

## अभियान के पहले दिन 2872 बदमाश गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश के बाद महानिदेशक पुलिस उमेश मिश्रा ने राज्यभर में सक्रिय अपराधियों और असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए बुधवार से तीन दिवसीय विशेष अभियान को शुरु किया है।

पहले दिन 8578 पुलिसकर्मियों की 2250 टीमों ने अपराधियों के 6843 ठिकानों पर दबिश देकर समग्र रूप से 2872 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। महानिदेशक मिश्रा ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन की निगरानी में प्रदेशभर में यह कार्रवाई की गई। एडीजी एमएन ने बताया कि अजमेर रेंज में समग्र रूप से 380, कोटा रेंज में समग्र रूप से 586, सीकर रेंज में 114, जोधपुर रेंज में 55, बीकानेर रेंज में 354, जयपुर रेंज में 317, पाली रेंज मे 178, भरतपुर रेंज में 228, बांसवाड़ा रेंज में 235, उदयपुर रेंज में 330, जयपुर आयुक्तालय में 48 और जोधपुर आयुक्तालय में समग्र रूप से 47 आपराधिक तत्वों की गिरफ्तारी की गई है। कार्रवाई में सक्रिय आपराधिक गैंग के सदस्य तथा सोशल मीडिया पर उनके फॉलोवर्स के विरुद्ध कार्रवाई में 32 को गिरफ्तार किया गया।

## जरूरी खबर

### आरयू कर्मचारियों ने की वेतन बढ़ाने की मांग



**जयपुर।** राजस्थान विश्व विद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को स्थाई करने की मांग को लेकर विश्वविद्यालय सहायक कर्मचारी के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद मुस्तफा ने बुधवार को मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। मुस्तफा ने कहा कि कर्मचारी कई वर्षो से राजस्थान विश्वविद्यालय में केवल 5 हजार से 9 हजार में नौकरी कर रहे हैं। ऐसे में वेतन काफी कम होने के कारण परिवार का भरण पोषण भी नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले भी विश्वविद्यालय प्रशासन को कई बार पत्र लिखा जा चुका है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जब तक कर्मचारियों को स्थाई नौकरी नहीं मिल जाती तब तक सभी कर्मचारियों को कम से कम 25 हजार का वेतन दिया जाए।

### सात बीघा भूमि पर बनी अवैध कॉलोनी ध्वस्त



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन-12 के माचवां श्रीराम वाटिका में निमार्णाधीन 19 अवैध विलाओं को ध्वस्त किया तथा आठ अवैध विला की पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की है। वहीं, निजी खातेदारी करीब सात बीघा कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी को ध्वस्त, सुशांत सिटी को जाने वाली 100 फीट रोड़ पर निर्माणाधीन तीन अवैध दुकानो को ध्वस्त किया। नारायण सिटी आई ब्लॉक में व्यवसायिक प्रयोजनार्थ निमाणाधीन दो अवैध शोरूम के लिए किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। साथ ही निवारू जोशी वाली ढ़ाणी में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया है।

### आधी-अधूरी तैयारियों से पर्यटक परेशान, जाम से जूझ रहे आमजन

# राजधानी में पावणों की रेलमपेल, 'स्वागत' में प्रशासन फेल

**बेधड़क** | जयपुर

शीतकालीन अवकाश और नव वर्ष की पूर्व संध्या पर होने वाले आयोजन के चलते पिंकसिटी में पर्यटकों का जमकर सैलाब उमड़ पड़ा है। चारदीवारी स्थित एतिहासिक स्थलों के दीदार करने के लिए पर्यटक पैदल ही बाजार में भ्रमण कर रहे हैं।

सैलानियों का पीक सीजन होने के बाद भी प्रशासन की व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। दरअसल हर साल की तरह इस बार भी पर्यटकों की सुविधाओं और व्यवस्था में ढिलाई बरती जा रही है। पर्यटकों के लिए पार्किंग की जगह निर्धारित नहीं होने के कारण शहर की सड़कों पर वाहनों का लंबा जाम लग रहा है। बुधवार को भी आमेर रोड पर वाहन रेंग-रेंगकर चलते हुए नजर आए। इस दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी।



फोटो: राजेश कुमावत

#### नए साल तक रहेगा जमावड़ा

राजधानी के आमेर महल, नाहरगढ़ किला, जयगढ़ किला, अल्बर्ट हॉल, हवा महल, जंतर-मंतर समेत तमाम पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों की काफी भीड़ उमड़ चुकी है। वहीं, मानसून के दौर में देश के विभिन्न राज्यों से पर्यटक गुलाबी नगरी पहुंच रहे हैं। आमेर किले पर सुबह से ही पर्यटकों की भीड़ देखने को मिल रही है। आमेर किले के साथ ही नाहरगढ़ किला, जयगढ़ किला, अल्बर्ट हॉल, हवा महल, जंतर-मंतर, नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क, जयपुर चिड़ियाघर, झालाना लेपर्ड सफारी समेत तमाम पर्यटक स्थलों पर सैलानियों का हुजूम उमड़ रहा है।

#### जाम से आम भी परेशान

जाम के चलते स्थानीय लोग भी परेशान हो रहे है। जिन लोगों का व्यापार या नौकरी परकोटे में है। वे समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने बताया कि हर साल दिसंबर के अंत में शहर में देशी-विदेशी पर्यटकों की धूम रहती है। फिर भी स्थानीय प्रशासन इसके लिए कोई विशेष प्रबंध नहीं कर पाता है।

#### लपके कर रहे परेशान हेल्पलाइन बूथ खाली

बाजार में सैलानियों के लिए व्यवस्था प्रशासन की व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। प्रशासन के सुस्त रवैये के कारण सैलानियों को समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है। आमेर रोड पर दिन भर पर्यटक वाहनों का जाम लगा रहता है। इस दौरान दिन भर वाहन रेंग रेंगकर चले। वहीं परकोटे में लगी पानी की प्याउ पर लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। साथ ही टूरिस्ट के लिए बनाए हैल्पलाइन पर भी सुरक्षा कर्मी नदारद रहते हैं, जिससे सैलानियों का परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं, लपके भी दिन भर पर्यटक स्थलों पर बैखोफ घूमते रहते हैं।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पीएम ने लाभार्थियों से किया संवाद, बोले-

# पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ दिलाना पुण्य से कम नहीं

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत घाटगेट फायर स्टेशन पर शिविर

**बेधड़क** | जयपुर

'विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जब मोदी की गारंटी गाड़ी किसी क्षेत्र में पहुंचती है तो लोग उसका भव्य स्वागत करते हैं। शिविर में किसी योजना का लाभ चुके लोगों द्वारा अन्य वंचित और पात्र परिवारों को इसके बारे में जानकारी देकर इसका लाभ दिलाने में मदद करना भी किसी पुण्य से कम नहीं होगा।' यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए लग रहे शिविरों में अब तक विभिन्न योजनाओं में लाभ ले चुके लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कही।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को घाटगेट फायर स्टेशन पर शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, सांसद रामचरण बोहरा, सिविल लाइंस विधायक डॉ. गोपाल शर्मा, आदर्श नगर से प्रत्याशी रहे रवि नैयर, महापौर मुनेश गुर्जर और क्षेत्रीय पार्षद मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस मौके पर राजस्थान से कोटा की सपना प्रजापति से भी संवाद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनका सपना है कि अगले 25 सालों में यानि वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र के रुप में जाना जाए। इसके लिए उन्हें हर नागरिक से यह अपेक्षा है कि वह इस काम में जुटेगा और देश को विकसित राष्ट्र के रुप में तैयार करेगा। मोदी ने कहा कि सरकार की मदद से प्रेरणा लेकर आमजन को इस काम में जुट जाना चाहिए न कि सिर्फ सरकारी लाभ लेकर उदसीन होकर अपने घरों पर बैठे रहना चाहिए।



#### नागरिकों को दिलाई शपथ

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वहां सभी नागरिकों को विकसित भारत बनाने का संकल्प भी दिलाया। दिया कुमारी ने इस मौके पर कहा कि पीएम मोदी ने महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने की जो पहल की है वह अब लोगों के सामने आने लगी है। इसकी मदद से अब महिलाएं सभी मोर्चों पर अपनी पहचान बनाने में सक्षम हुई हैं। शिविर के लिए उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोग इन शिविरों का लाभ लें।

#### महिलाओं में बदलाव का माद्दा

गोपाल शर्मा ने कहा कि यह जयपुर के लिए बड़े ही गर्व का विषय है कि यहां पर महिला महापौर हैं। शक्ति रूप में उन्हें जिस तरह से ईश्वर ने महिलाओं को शक्तियां प्रदान की हैं, अगर वह ठान ले तो पूरे समाज को बदलने का माद्दा रखती हैं। गोपाल शर्मा ने कहा कि विकसित भारत के साथ अब विकसित राजस्थान के लिए भी जुटना होगा, तभी इस प्रदेश की सूरत भी बदलेगी। गोपाल शर्मा ने इस मौके पर शिविर में आए लोगों से उनकी समस्याएं भी सुनीं और शिविर का जायजा लिया। गोपाल शर्मा ने वहां मौजूद अधिकारियों से मदद के लिए कहा। महापौर मुनेश गुर्जर ने इस मौके पर सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

#### अधिकारियों को दी काम करने की नसीहत

सिविल लाइंस विधायक डॉ. गोपाल शर्मा ने इस मौके पर कुछ कड़े लहजे में अधिकारियों और कर्मचारियों को कहा कि राज बदल चुका है। नया सवेरा हो चुका है, लेकिन शायद कुछ लोगों के लिए अभी वहीं पुराना बीता हुआ समय ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि जितना जल्दी हो ऐसे कर्मचारी और अधिकारी अब काम में जुट जाएं। यदि सरकार बदलने के बाद भी एक आम व्यक्ति अपनी परेशानियों से निजात नहीं पा सकता तो ऐसे कर्मचारी और अधिकारियों का क्या किया जाए यह खुद उन्हें ही सोच कर बता देना चाहिए। यदि किसी शासन में महिलाओं बच्चों और बुजुर्गो का भी सम्मान ना हो तो इससे बड़ी बात और क्या होगी कि हमारे देश के प्रधानमंत्री जहां एक और पूरे देश को अगले 25 वर्षों में एक विकसित राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं और इसके लिए वह संकल्प ले चुके हैं। इसके बावजूद ऐसे नाकारा कर्मचारी और अधिकारी सब कुछ देखते हुए भी अपनी आंखें मूंद कर बैठे रहते हैं।

### युवती को कुचलने वाला गिरफ्तार

# भाई और पिता तक पहुंची पुलिस तो सरेंडर करने लौटा मंगेश

**बेधड़क** | जयपुर



राजधानी में मंगलवार को युवती को कार से कुचलने वाले आरोपी मंगेश को पुलिस ने करीब 30 घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद पुलिस ने उसके व्यापारी पिता से पूछताछ की थी, जिस पर आरोपी डर के कारण हनुमानगढ़ से जयपुर पुलिस को सरेंडर करने आ रहा था, तभी पुलिस ने उसे रास्ते में ही पकड़ लिया।

पुलिस उपायुक्त ज्ञानचंद यादव ने बताया कि राजकुमार और मंगेश एक दूसरे को पहले से जानते थे। ये सभी एवरलैंड होटल के रूफटॉप पर रेस्टोरेंट का काम देखने आए थे। इस दौरान जब यह लोग होटल में खाना-पीना कर रहे थे तो उमा पर कमेंट करने को लेकर इनमें झगड़ा हो गया। विवाद के बाद मंगेश के दोस्त गौरव ने उसको भड़काया कि वो तुझे गाली दे रहा है, तू नामर्द है क्या।

इस पर मंगेश ने अपनी कार से बेसबॉल का बल्ला निकाला और उमा के जाने के लिए बुक की गई कैब में तोड़फोड़ की। इसके बाद आरोपी अपनी कार को पीछे लेकर राजकुमार और उमा को जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया। कार की टक्कर से राजकुमार साइड में गिर गया, लेकिन टायर के नीचे दबने से उमा की मौत हो गई। मंगेश पहले मानसरोवर गया, फिर वह अजमेर रोड होते हुए अजमेर और फिर हनुमानगढ़ तक पहुंच गया। उसने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया था।

घटना के बाद से ही पुलिस आरोपी मंगेश के संभावित ठिकानों पर रेड कर रही थी। इस दौरान पुलिस के हाथ कई अहम दस्तावेज लगे थे, जिनके आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही थी। आरोपी मंगेश के भाई और पिता से भी उसके बारे में पूछताछ की गई। जब आरोपी को जानकारी मिली कि पुलिस उसके परिवार से पूछताछ कर रही है तो वह जयपुर लौटा और फिर जवाहर सर्किल थाने में सरेंडर करने के लिए जा रहा था। इस दौरान पुलिस ने रास्ते में ही उसे गिरफ्तार कर लिया।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


### आज भी शहीद स्मारक पर जुटेंगे युवा मित्र

# भर्ती रद्द करने के विरोध में धरना-प्रदर्शन

**बेधड़क** | जयपुर

राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप प्रोग्राम को भाजपा सरकार द्वारा 31 दिसंबर को रद्द करने के विरोध में बुधवार को सैकड़ों युवाओं ने शहीद स्मारक पर विरोध प्रदर्शन किया। युवा मित्रों ने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही 5 हजार युवाओं को बेरोजगारी का तोहफा दिया है।

राजीव गांधी युवा मित्र संघर्ष समिति के सदस्य इंद्राज ओला, मुकेश मेघवाल, रमेश भाटी ने बताया कि गहलोत सरकार में राजीव गांधी युवा मित्रों ने जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का काम किया था, लेकिन सरकार ने केवल योजना के नाम को लेकर ही भर्ती रद्द कर दी। गौरतलब है कि इंटर्नशिप प्रोग्राम 2022 में चलाई गई थी, जिसमें 2500 लोगों को इंटर्न के रूप में राजस्थान ने सरकार की योजनाओं के आमजन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस इंटर्नशिप का दूसरा भाग में भी 2500 लोगों को लिया गया। भर्ती को जारी रखने को लेकर संघर्ष समिति गुरुवार को सुबह 8 बजे फिर शहीद स्मारक पर एकत्रित होंगे और आगामी रणनीति तय करेंगे। मुकेश मेघवाल ने बताया कि गुरुवार को भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ से भी मुलाकात का समय मांगा गया हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने अगर जल्द से जल्द मांगे नहीं मानी को उग्र प्रदर्शन करेंगे।



### लापरवाही से टूटा पुल का हिस्सा, टला बड़ा हादसा



फोटो: पंकज शर्मा


***बेधड़क.जयपुर।*** *झोटवाड़ा एलिवेटेड के निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा बुधवार को टूट कर गिर गया। हालांकि, जिस समय पुल का हिस्सा टूटा, तब वहां से कोई वाहन नहीं गुजरने से बड़ा हादसा टल गया। सड़क के बीच बने रहे इस पुल का निर्माण रात के बजाए दिन में करने से निर्माण करने वाली कम्पनी की बड़ी लापरवाही सामने आई है। वहीं, जेडीए अधिकारियों ने बताया कि निर्माणाधीन एलिवेटेड का अधिकतर काम रात में ही चलता है। दिन में भी काम के समय यातायात को रोक दिया जाता है।*

### धुंध के कारण प्रदेश में हादसों में 3 की मौत

# जयपुर की सुबह कोहरे में ढंकी, सर्दी के आगोश में रात

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में पिछले एक सप्ताह से चल रहा कोहरे का दौर बुधवार को भी जारी रहा। प्रदेश के 20 से ज्यादा जिलों में घना कोहरा छाया रहा। राजधानी जयपुर की बात करें तो यहां भी अलसुबह कोहरा छाया रहा। जयपुर में बुधवार को न्यूनतम पारा 10.4 रहा जो कि मंगलवार के मुकाबले मामूली कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कुछ हिस्सों में नए साल में हल्की बारिश की संभावना है। बुधवार को प्रदेश के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू के ग्रामीण इलाकों में सुबह घने कोहरे की वजह से जनजीवन प्रभावित रहा। बीते दो दिन से राजस्थान के पांच जिले (सीकर, गंगानगर, भरतपुर, झुंझुनूं, चूरू) घने कोहरे की चपेट में हैं। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में भी इसका असर रहेगा। वहीं, नए साल की शुरुआत बारिश से होने की संभावना है। अरब सागर से एक सिस्टम धीरे-धीरे राजस्थान की तरफ आ रहा है, जिसके असर से 30 दिसंबर से राज्य के दक्षिणी-पश्चिमी हिस्सों में बारिश हो सकती है।



#### बढ़ रहे हैं सड़क हादसे

इधर, प्रदेश में छाए घने कोहरे के कारण हादसे बढ़ रहे हैं। बुधवार को कोहरे के कारण भरतपुर, सीकर व हनुमानगढ़ में सड़क हादसे हुए, जिनमें 3 लोगों की मौत हो गई तथा 6 से ज्यादा लोग घायल हो गए। भरतपुर जिले के सेवर थाना क्षेत्र में बस और टेंपो की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक महिला समेत 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा घायल हो गया। वहीं, हनुमानगढ़ के संगरिया थाना क्षेत्र में अबोहर-सादुलशहर रोड पर जीप-बस की भिड़ंत हो गई। हादसे में 1 व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। सीकर के रींगस इलाके में विजिबिलिटी कम होने के कारण नेशनल हाईवे-52 पर 2 कार और 1 बस टकरा गई। हादसे में करीब 6 लोग घायल हो गए, जिन्हें रींगस के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

#### माउंट आबू में पारा चढ़ा, सर्दी से मिली राहत

हिल स्टेशन माउंट आबू में बुधवार को न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जिससे यहां बर्फ जमा देने वाली सर्दी से लोगों को राहत मिली। बाड़मेर, गंगानगर, जोधपुर, उदयपुर और जैसलमेर में भी न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक का इजाफा हुआ। बुधवार को जयपुर, जैसलमेर, उदयपुर, गंगानगर में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज हुआ। बीकानेर, बाड़मेर, अजमेर, जोधपुर में न्यूनतम तापमान 11 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

### मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्र की समस्याएं बताईं




**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से उनके आवास पर अरुण शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को बुके भेंट किया एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने सांगानेर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं, पेयजल का घर- घर पहुंचना सीवरेज एवं सड़क निर्माण से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने समस्याओं के समाधान का पूर्ण आश्वासन दिया है और दिशा निर्देश दिए हैं।

## जरूरी खबर

### वन विभाग की ओर से लगाए पिंजरे में कैद हुआ लेपर्ड



**अजमेर।** ब्यावर जिले में ग्राम पंचायत लगेतखेड़ा के पास गांव चक्की का बाडिया में माइंस पर लेपर्ड पिंजरे में कैद हो गया। लंबे समय से लेपर्ड की दहशत बनी हुई थी। वन विभाग की टीम ने चक्की का बाडिया के पास माइंस पर एक सप्ताह पहले पिंजरा रखवाया था। बुधवार सुबह जैसे ही लेपर्ड के पिंजरे में बंद होने की सूचना लगी तो ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। वन विभाग टीम से गजेंद्र सिंह फोरेस्ट और जय सिंह ने पिंजरे को पिकअप से टॉडगढ़ अरावली अभ्यारण्य ले गए।

### सेमेस्टर प्रक्रिया में फीस बढ़ोतरी का जताया विरोध

**सीकर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी यूनिवर्सिटी में फीस बढ़ोतरी के विरोध में बुधवार को छात्र संगठन एसएफआई के स्टूडेंट्स ने विरोध जताया। इसके तहत यूनिवर्सिटी में आक्रोश रैली निकाली। इसके बाद करीब 15 मिनट तक वह कुलपति ऑफिस के बाहर धरने पर बैठे। कुलपति और रजिस्ट्रार के नहीं मिलने पर छात्रों ने कुलपति के आवास के बाहर ज्ञापन चस्पा कर दिया। फीस कम नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। छात्रों कहना था कि इस बार परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी। ऐसे में खर्च भी कम होगा, इसके बावजूद भी यूनिवर्सिटी ने फीस बढ़ाने का काम किया है। इसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### नुक्कड़ नाटक से आमजन को दे रहे स्वच्छता का संदेश



**अजमेर।** जिले में भाजपा के कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गोपाल बंजारा के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती के मौके पर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जगह-जगह नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया जा रहा है। 24 से 31 दिसंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में शहीदों की मूर्तियों और स्मारकों की स्वच्छता के साथ-साथ जन-जन को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक कर रही टीम में महेश वैष्णव, गोपाल बंजारा, सुशीला, धर्म भाट, गोपाल शर्मा आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के 'शिल्पग्राम उत्सव' में कला, संस्कृति और फैशन का फ्यूजन

# मेवाड़ में छाया नॉर्थ-ईस्ट फैशन का जलवा

- हरियाणवी घूमर नृत्य ने शिल्पग्राम में जीता दर्शकों का दिल
- मेघालयी वांगल डांस में तीन फुट का ढोलक बना आकर्षण का केंद्र

बेधड़क । उदयपुर

देश के तमाम राज्यों में चाहे वह हरियाणा हो, राजस्थान हो, असम हो, मेघालय हो या कोई भी प्रदेश, वहां के ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां वाकई लोक संस्कृति बसती है, वहां फसल कटने के बाद ही उमंग से लोक नृत्यों में झूमने, ना-ना प्रकार के व्यंजन खाने और नई पोशाकें पहनने की परंपरा रही है। इसकी बानगी बुधवार को पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के 'शिल्पग्राम उत्सव' में मुक्ताकाशी मंच पर तब दिखाई दी, जब डांसर्स ने हरियाणवी घूमर और मेघालयी वांगला की धूम मचाई। इसी दिन मेवाड़ के दर्शकों ने उत्तर-पूर्व की महिला-पुरुषों की खूबसूरत डिजाइनर पोशाकों का फैशन शो भी देखा। इतना ही नहीं, यह शाम तब झूमने लगी जब पंजाब पुलिस बैंड ने शानदार धमक वाले पंजाबी नृत्यों और गानों का तड़का लगाया।

भानुश्री दास के निर्देशन में उत्तर-पूर्व फैशन शो में मेवाड़ के हजारों दर्शकों ने देश के नॉर्थ-ईस्ट हिस्से के राज्यों की पोशाकों का जलवा देख खूब तालियां बजाई। इस फैशन शो में शुभम और रुखसार ने मेघालय, सुप्रियो और गार्गी ने कार्बी व त्रिपुरा, दीपांकर और प्रिया ने मणिपुर तथा मनोज और अमृता ने सिक्किम की पोशाकों को पहन कैटवॉक किया। इसी तरह, मृदुपबन और करिश्मा ने अहूम, कृष्णा और डायना ने नागालैंड, भावना ने अरुणाचल प्रदेश तथा पल्लवी एवं हीरू ने असम की बोड़ों और बीहू की पोशाक पहन कैटवॉक करते हुए फैशन को शो केस किया।





### पंजाब पुलिस बैंड की रही जोरदार धमक

दमादम मस्त कलंदर... जैसे सूफियाना गानों और झूमर, मलवई गिद्दा और जिंदुआ जैसे पंजाबी नृत्यों ने यहां शिल्पग्राम में हजारों सामयीन में ऐसा जोश भरा कि सभी झूमने और गाने लगे। जब हरविंदर कौर ने जहां सुण सोने दे आ कंगना... और दमादम मस्त कलंदर... जैसे सॉन्ग सुनाए तो दर्शक झूम उठे, वहीं उन्होंने वतन मेरा रंग रंगीला... गाकर देशभक्ति के जज्बे से सभी को सराबोर कर दिया। सिंगल कर्मराज 'कर्मा' ने बाबा बुल्लेशाह का कलाम कमली यार दी..., पाकिस्तानी सॉन्ग गोरिए और तेरे मित्तेयां दंधां दे हासे... जैसे गाने सुनाकर तथा पंजाबी व बॉलीवुड की मिक्स बालियां गाकर खूब वाहवाही लूटी। इसके साथ ही सिंगर हरिंदर सिंह ने लहंगा शीस्यां वाळा... सुनाया तो श्रोता साथ सुर मिलाने लगे। इन सिंगर्स ने सभी डांस में भी पार्श्व गाने गाकर शाम को पंजाबीमय बना दिया।


### कलाकार हुए सम्मानित

सभी परफोरमेंस के बाद फैशन शो की निर्देशिका भानुश्री दास और पंजाब पुलिस बैंड के ग्रुप लीडर सुरिंदर सिंह को पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र, उदयपुर की निदेशक किरण सोनी गुप्ता सहित अन्य अितथियों ने पोर्टफोलियो प्रदान किया तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### लाइन ड्राइंग कैंप में आए 20 प्रतिभागी

मुक्ताकाशी मंच प्रांगण में बुधवार से दो दिवसीय लाइन ड्राइंग शिविर शुरू हुआ। इसमें 20 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस कैंप का समापन गुरुवार को होगा।


### मेरा दामण सीमा दे, ओ नणदी के बीरा...



हरियाणवी घूमर में 10 महिला डांसर्स ने 'मेरा दामण सीमा दे, ओ नणदी का बीरा...' गाने पर घूमर की तो न सिर्फ मंच, बल्कि हजारों दर्शकों में मानो नई ऊर्जा भर गई। इसके साथ ही माहौल उमंग से सराबोर हो गया। राहुल बागड़ी के निर्देशन में हुए इस घूमर डांस के बारे में बता दें कि यह लोक नृत्य हरियाणा के गांवों में नवविवाहताएं तब अपने पति को रिझाने को करती हैं, जब परिवार के खेतों की फसल कट जाती है और अच्छी आय की उम्मीद से घर में खुशहाली का वातावरण बना होता है। तब वह अपने पति से अपने नए वस्त्रों और गहनों के साथ ही श्रृंगार सामग्री की डिमांड करती है। इसमें डांसर्स और सिंगर महिलाएं ही रहीं। वहीं, इसका संगीत पांच संगीतकारों ने दिया।

### मेघालय में भी अच्छी फसल होने पर झूमते हैं लोग

सुदूर उत्तर-पूर्वी राज्य मेघालय का डांस 'वांगला' देख तमाम सामयीन अभिभूत हो गए। इस डांस में संगीत और नृत्य का उम्दा तालमेल देखा गया। भाषाई समस्या का लोक संस्कृति कैसे निदान करती है, इसकी बानगी इस खूबसूरत डांस में साफ दिखाई दी। दर्शन गीत के बोल चाहे समझ न सके हों, अलबत्ता यह समझ गए कि यह खुशहाली का नृत्य है, जो मार्गशीर्ष मास में फसल कटने और अच्छी आय की उम्मीद में युवक-युवतियां कर रहे हैं। इस नृत्य में छह महिला और 10 पुरुष डांसर्स ने परफॉर्म किया। निर्देशन राजिप संगमा ने किया।



### नृत्य के बारे में

वांगला नृत्य मेघालय की गारो जनजाति का सबसे महत्वपूर्ण नृत्य है। यह फसल की देखरेख के मौसम के अंत का प्रतीक है। यह नृत्य तब किया जाता है, जब सर्दियों की शुरुआत से पहले गारो जनजाति के लोग खेतों में लंबी अवधि तक मेहनत के बाद अच्छी पैदावार पा लेते हैं। मेघालय में वांगला त्योहार भी मनाया जाता है, इसका पहले दिन रागुला नामम समारोह होता है, जो गांव के मुखिया के घर में किया जाता है। इसका एक प्रसिद्ध उत्सव भी मनता है, जिसे सौ ड्रम वाला उत्सव कहते हैं। दरअसल, इस नृत्य में नर्तक गले में दाम नामक करीब तीन फुट लंबा ढोलक पहन कर उसे बजाते हुए नाचते हैं।

## सहाड़ा से भाजपा विधायक ने डॉक्टर्स को सुनाई खरी-खोटी

# 'औलाद लूली-लंगड़ी होगी, एक्सीडेंट में मारे जाओगे... भगवान से तो डरो'

बेधड़क | भीलवाड़ा

प्रदेश में गवगठित भाजपा सरकार के विधायकों के बिगड़े बोल लगातार सामने आ रहे हैं। हाल ही में शाहपुरा से विधायक लालाराम बैरवा ने अतिक्रमण हटाने को लेकर एसडीएम को फटकार लगाई थी। जिसके बाद आरएएस एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा था।

इसके बाद अब सहाड़ा से भाजपा विधायक लादूलाल पितलिया के बोल अस्पताल के निरीक्षण के दौरान बिगड़ गए। दरअसल सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक लादूलाल पितलिया ने भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में गंगापुर के एक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद अस्पताल प्रभारी डॉ. राजेंद्र मौर्य को सफाई व्यवस्था सही नहीं होने पर कड़ी फटकार लगाई। साथ ही कथित तौर पर मरीजों से अस्पताल से बाहर जांचें करवाने के साथ ही दवाइयां मंगवाने में कमीशनखोरी को लेकर नाराजगी जताई। विधायक ने अस्पताल में प्रसव करवाने में पैसा वसूली के भी आरोप लगाए। इस दौरान विधायक लादूलाल पितलिया ने डॉक्टर्स को कहा कि आप लोग 'ईमानदारी से काम नहीं कर रहे हो, औलाद लूली लंगड़ी होगी, एक्सीडेंट में मारे जाओगे, भगवान से डरो। विधायक ने डॉक्टर्स पर कमीशनखोरी का आरोप लगाया।



## आईजी ने की कानून की हद में रहकर नववर्ष मनाने की अपील

# हुड़दंगी व आपराधिक तत्वों पर रहेगी नजर

बेधड़क | अजमेर

जिले में नववर्ष के स्वागत को लेकर होटल, क्लब सहित अन्य जगहों पर तैयारियों का दौर चल रहा है। कई जगहों पर बड़े पैमाने पर नववर्ष के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

ऐसे में पुलिस की ओर से भी सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस की ओर से आमजन से कानून की हद में रहकर नववर्ष बनाने की अपील की है। अजमेर रेंज आईजी लता मनोज कुमार ने कहा कि नववर्ष के जश्न में किसी भी तरह का हुड़दंग करने वाले आपराधिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि नए साल पर देर रात तक डीजे बजाने की मनाही है, अगर कोई व्यक्ति नियमों का उल्लघंन करता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। शहर में नए साल के स्वागत के लिए जगह-जगह पर पार्टियों का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन की पालना कराई जाएगी।

जगह-जगह जांच अभियान चलाया जाएगा और यदि कोई व्यक्ति नशे की हालात में वाहन चलाते पकड़ा जाता है तो उस पर कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लग सकता है।

रेंज के प्रत्येक थाना क्षेत्र में हथियार के साथ पुलिस जवान तैनात रहेंगे। शहर के बाहर से आने वाली गाड़ियों की विशेष जांच की जाएगी। विदेशी सैलानियों से कोई दुर्व्यवहार ना हो इसके लिए आयोजन स्थल के बाहर पुलिस की महिला टीम तैनात रहेगी।



## घर से दस किलोमीटर दूर मिला महिला का शव

# पति के ड्राइवर ने की ब्यूटी पार्लर संचालिका की हत्या

बेधड़क | बीकानेर

जिले में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। हत्यारा उसके पति का ड्राइवर ही निकला। आरोपी ने ब्यूटी पार्लर संचालिका की गला काटकर हत्या कर दी। महिला का शव घर से 10 किलोमीटर दूर मिला। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया।

घटना शहर के बीछवाल थाना क्षेत्र के श्रीगंगानगर मार्ग की है। पुलिस ने बताया कि लक्ष्मी पुरोहित (47) पत्नी राजेश पुरोहित सोमवार शाम से गायब थी। रात करीब 1 बजे महिला का शव थाना क्षेत्र के आरसीपी कॉलोनी के मेन गेट के पास मिला। महिला के पति की ओर से हत्या का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने बताया कि मृतका लक्ष्मी पुरोहित नया शहर थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। महिला घर के पास ही ब्यूटी पार्लर चलाती थी। महिला के पति राजेश पुरोहित सरकारी कर्मचारी है। पति राजेश पुरोहित ने बताया कि लक्ष्मी सोमवार शाम करीब 6 बजे घरवालों को मंदिर जाने की कहकर निकली थी। रात करीब 10 बजे तक भी घर नहीं पहुंची तो उसकी तलाश शुरू की। इसके बाद परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। बिछवाल थाना पुलिस ने छानबीन शुरू की तो रात 1 बजे महिला का शव श्रीगंगानगर मार्ग पर मिला। शिनाख्त के लिए पति राजेश को बुलाया गया, जहां उसने शव की शिनाख्त की। महिला के पति ने समीर खान नाम के युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया।



### जांच टीमों ने किया मौका-मुआयना

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस के आला अिधकारी भी मौके पर पहुंची। एएसपी समेत सीओ सदर शालिनी के निर्देश पर एफएसएल और डॉग स्क्वायड टीम भी मौके पर पहुंची। टीमों ने मौके मुआयना किया और साक्ष्य जुटाए। हालांकि घटनास्थल पुलिस को कोई हथियार नहीं मिला है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करते हुए मामले की पड़ताल में जुटी है।

### आरोपी कई दिनों से कर रहा था परेशान

राजेश पुरोहित ने बताया कि समीर खान काफी दिनों से उसकी पत्नी को परेशान कर रहा था। आरोपी राजेश का ड्राइवर था, लेकिन पत्नी को परेशान करने के कारण उसने ड्राइवर को नोकरी से निकाल दिया था। इसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश करते हुए उस तक पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया।

### नहर कालोनी ले जाकर काटा गला

बीकानेर एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में आरोपी समीर ने कई खुलासे किए हैं। आरोपी ने बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े 6 बजे लक्ष्मी को उरमूल सर्किल पर बुलाया था। वहीं से उसे नहर कॉलोनी ले गया, जहां उसका व लक्ष्मी का झगड़ा हो गया। इसी दौरान उसने लक्ष्मी का गला काट दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाद में आरोपी ने बताया कि वह खुद भी सुसाइड के इरादे से रेलवे ट्रैक पर चला गया, लेकिन वह घायल हो गया। हालांकि, खुद के बारे में आरोपी द्वारा बताई गई कहानी झूठी निकली।

## रोज पहुंच रहे 700 से 800 सैलानी

# सरिस्का में टाइगर के दीदार से पर्यटक गदगद

बेधड़क | अलवर

प्रदेश में इन दिनों पर्यटकों की आवाजाही चरम पर है। नए साल के अगमन से पूर्व ही पर्यटन स्थलों पर सैलानियों का हुजूम उमड़ा दिख रहा है। इसी के तहत सरिस्का में भी रोजाना 700 से 800 पर्यटक पहुंच रहे हैं। शनिवार व रविवार को टूरिस्ट की संख्या दोगुना तक पहुंच जाती है।

सरिस्का आने वाले पर्यटक टाइगर को देख पर्यटक गद्गद हो रहे हैं। कोर एरिया हो या बफर जोन का जंगल सब जगह पर टाइगर के दीदार हो जाते हैं। अब तो अलवर शहर की सीमा से लगे जंगल में टाइगर खूब देखा जाता है। दो दिन पहले बाला किला रोड पर टाइगर दिखा था। एक दिन पहले कोर एरिया काला कुआं के पास टाइगर एसटी 21 की साइटिंग हुई। यहां टाइगर पर्यटकों की जिप्सियों के बीच से निकला। इस दौरान सैलानियों ने खूब फोटो लिए और वीडियो बनाया। सफारी के ट्रैक पर अचानक टाइगर के आने से टूरिस्ट की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यहां टाइगर के अलावा बड़ी संख्या में पैंथर भी हैं।



### जेएनयू मे प्रदेश की प्रथम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सीटी स्कैन मशीन आमजन के लिए समर्पित

# अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन से मिलेंगी उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं

बेधड़क | जयपुर

जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में उन्नत और अत्याधुनिक रेडियो-डायग्नोस्टिक सेवा प्रदान करने के लिए रेडियो-डायग्नोसिस विभाग में उन्नत डूबल एनर्जी 384 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन स्थापित की गई है।

यह मशीन पूरी तरह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित अत्याधुनिक सीटी स्केन मशीन है। जेएनयू हॉस्पिटल में स्थापित यह मशीन प्रदेश की प्रथम उन्नत तकनीकी युक्त आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित मशीन है, जिसका लाभ देश एवं प्रदेश के जरूरतमंद लोगों को मिलेगा। इस मशीन के उपयोग से मरीजों के रोगों का पता लगाकर सफल इलाज करने में सहायता मिलेगी।

यह अत्याधुनिक तकनीक डॉक्टर्स को आंतरिक संरचनाओं की विस्तृत उच्च-रिजॉल्यूशन छवियां प्राप्त करने में सक्षम बनाती है जिससे अधिक सटीक और समय पर निदान की सुविधा मिलती है। मशीन के उद्घाटन के अवसर पर चांसलर जेएनयू डॉ. संदीप बक्शी ने कहा कि जेएनयू हॉस्पिटल सदैव प्रतिबद्धता और संकल्प के साथ उच्च गुणवत्ता वाली नैदानिक सेवाओं को हमारे समुदाय के सभी सदस्यों के लिए सुलभ बनाने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि हम अपने अस्पताल में जरूरतमंदों की सहायता के लिए आधुनिक मशीनों को लगाएंगे जिससे राजस्थान और आम-पास क्षेत्रों के आमजन को इलाज के लिए दूसरे राज्यों में भटकना न पड़े। इस अवसर पर जेएनयू आईएमएसआरसी के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक ले. जनरल डॉ. बी के चोपड़ा, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. ( ब्रिगेडियर) एमबी महाजन के साथ मेडिकल संकाय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी भी उपस्थित थे।



#### 3 सेकंड में पूरा होगा स्कैन

इस उन्नत सीटी स्केन मशीन की कार्य करने की क्षमता इतनी अधिक है की यह 3 सेकंड में स्कैन को पूरा कर सकती है जिससे जांच मे लगने वाला समय काफी कम हो जाता है। इस समय की बचत से कम समय मे ज्यादा मरीजों की जांच संभव हो सकेगी।

## Yuva स्टोरीज



### मंच पर साकार हुई 'मरुधरा री शान'

**जयपुर।** जवाहर नगर स्थित श्री माहेश्वरी उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को राजस्थानी संस्कृति के रंग बिखरे। मौका था स्कूल के ऑडिटोरियम में आयोजित वार्षिकोत्सव 'मरुधरा री शान' का। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी कार्यक्रम में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि राज किशोर मालपानी, विद्यालय के चेयरमैन केदार मल भाला, वाइस चेयरमैन बजरंग लाल बाहेती, महासचिव शिक्षा मधुसूदन बिहानी, महामंत्री समाज मनोज जी मूंदड़ा, विद्यालय के मानद् सचिव कमल किशोर साबू, कोषाध्यक्ष सीए अनिल कुमार सारड़ा, भवन मंत्री द्वारका दास नोवाल ने विद्यालय प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने राजस्थानी थीम पर आधारित सांस्कृतिक संध्या में गणेश वंदना, शिव स्तुति, घूमर चरी व चिरमी नृत्य, कालबेलिया नृत्य, मीराबाई का नृत्य, पन्नाधाय का त्याग (नाटिका), महाराणा प्रताप पर आधारित वीर रस से युक्त नृत्य, गोरा बादल का बलिदान, सुधा चंद्रन पर आधारित नृत्य प्रस्तुति, रुनझुन डांस और ग्रैंड फिनाले में राजस्थान के प्रमुख लोक देवताओं पर आधारित नृत्य द्वारा राजस्थानी लोक संस्कृति को साकार किया। प्रधानाचार्य अजय कुमार गुप्ता ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।



### जीसीईसी कॅरियर फेयर में सम्मानित

**जयपुर।** माहेश्वरी समाज सोसायटी की ओर से आयोजित मेगा कॅरियर फेयर में जीसीईसी ग्लोबल फाउंडेशन को उनके बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। फाउंडेशन की ओर से तुषार सैनी ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। इससे पूर्व जेकेएलयू के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कॅरियर फेयर में स्टार्टअप एक्सपर्ट स्पीकर परेश गुप्ता ने स्टूडेंट्स को संबोधित किया। उन्होंने एंटरप्रेन्योरशिप पर स्टूडेंट्स को काम करने को कहा एवं बताया कि किस तरह से इंडिया में इसके लिए अपार संभावनाएं बनी हुई है। उन्होंने इस अवसर पर उनके द्वारा मेंटर किए गए विभिन्न स्टार्टअप के बारे में भी जानकारी दी, जहां आज स्टूडेंट्स काफी बड़े पैमाने पर अपना बिजनेस संचालित कर रहे है। फेयर में विभिन्न स्टॉल्स पर कॅरियर के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हुई जानकारियां स्टूडेंट्स से साझा की गई।



### स्वयंसेवकों को मिले सुबन्धु प्रशस्ति पत्र

**जयपुर।** अग्रवाल कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की तीनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में झालाना डूंगरी क्षेत्र में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन डिवाइन भारत चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से स्वयंसेवकों को सुबन्धु प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। सेवाकार्य के आधार पर चयनित तीन स्वयंसेवकों अमन शर्मा, शिवानी सारवान तथा कविता महावर को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद-चेयरमैन लक्ष्मण सिंह नुनीवाल, अध्यक्ष व्यवसायी बालकिशन शर्मा, ट्रस्ट सचिव भारत शर्मा, एनएसएस इकाई के अधिकारी डॉ. राजेश कुमार वर्मा, सोनू गुप्ता, सविता शर्मा, तथा ट्रस्ट कार्यकर्ता संजय धानका, राहुल मीणा, सत्यम शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने शिविर की जानकारी दी। शिविर में स्वच्छता अभियान, रक्तदान महादान और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक विशाल जन जागरुकता रैली भी निकाली गईं।

### एमजेआरपी यूनिवर्सिटी में एनईपी पर कार्यशाला

# नई शिक्षा नीति का उद्देश्य है छात्रों का समग्र विकास



बेधड़क | जयपुर

महात्मा ज्योति राव फुले विश्वविद्यालय और राजस्थान राज्य उच्च शिक्षा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विश्वविद्यालय के सोडाला कैम्पस में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एमजेआरपी यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने बताया कि कार्यशाला में नामचीन विषय विशेषज्ञों ने विभिन्न तकनीकी सत्रों में नई शिक्षा नीति के विभिन्न पक्षों पर अपने विचार व्यक्त किए।

वक्ताओं ने कहा कि स्टूडेंट्स का सर्वांगीण विकास ही नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य है। कार्यशाला संयोजक शिक्षा परिषद के संयुक्त निदेशक डॉ. जयभारत सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। उन्होंने नई शिक्षा नीति को पूर्णतया लागू करने एवं समयबद्ध तैयार करने संबंध में विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला में महाराजा गंगासिंह विवि बीकानेर के कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित, राजस्थान राज्य उच्च शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. डीएस चूंडावत, शाना स्कूल बीकानेर के चेयरमेन डॉ. कमलेश चंद्रा, सोफिया कॉलेज अजमेर की मोनिका कन्नन और महाराजा गंगासिंह विवि बीकानेर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अभिषेक वशिष्ठ ने नई शिक्षा नीति के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला।

एमजेआरपी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. डीएन नरेश ने अतिथियों का स्वागत किया। पंवार ने बताया कि कार्यशाला में एमजेआरपी यूनिवर्सिटी के फेकल्टी मैंबर्स, स्टूडेंट्स, विभिन्न सरकारी व निजी महाविद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मंच संचालन एमजेएमसी की स्टूडेंट सिमरन राय ने किया। कार्यशाला में करीब चार सौ लोगों ने पंजीयन कराया।




#### स्किल बेस्ड लर्निंग पर है फोकस

कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि नई शिक्षा नीति स्किल बेस्ड लर्निंग पर अधिक ध्यान देती है। ऐसे में विद्यार्थियों के कौशल में बढ़ोतरी होगी और उन्हें रोजगार मिलने में भी आसानी होगी। इस नई शिक्षा नीति से प्रत्येक विद्यार्थी को लाभ मिलेगा। नई शिक्षा नीति के तहत पढ़ने वाले छात्रों को अपनी रुचि के हिसाब से कार्य क्षेत्र चुनने में आसानी होगी। वक्ताओं ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से नई शिक्षा नीति की चुनौतियां और स्टूडेंट्स को होने वाले फायदों के बारे में बताया।

### पुराने स्टूडेंट्स की आंखों में झिलमिलाए 'स्कूल डेज'

**बेधड़क. जयपुर।** जयश्री पेड़ीवाल इंटरनेशनल स्कूल स्कूल के पूर्व विद्यार्थियों के लिए जयपुर के अशोक क्लब में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व स्टूडेंट्स ने हंसी के मनोरंजक प्रदर्शन और स्फूर्तिदायक खेल गतिविधियों का जमकर आनंद लिया। शैक्षणिक सत्र 2008-2022 तक के जेपीआईएस से उत्तीर्ण पूर्व छात्र दुनिया के विभिन्न कोनों के प्रतिष्ठित महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों से इस मिलन समारोह में शामिल हुए। पूर्व छात्रों ने अपने अपने अनुभव और पुरानी यादें साझा कीं तो हर किसी की आंखों में अपना दौर तैर गया। स्टूडेंट्स ने स्कूल प्रशासन का सहपाठियों व शिक्षकों से पुनर्मिलन का मंच देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में आईआईटी, दिल्ली विश्वविद्यालय, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय व्हार्टसन और कोलंबिया विश्वविद्यालय सहित विभिन्न संस्थानों से छात्र व देश-दुनिया में अपने काम से पहचान बना चुके प्रोफेशनल्स पहुंचे। सभी ने स्कूल लाइफ से लेकर व्यक्तिगत जिंदगी और प्रोफेशनल लाइफ तक के उतार चढ़ाव एक दूसरे के साथ बांटे।





### डिग्री मिली तो खिले स्टूडेंट्स के चेहरे

बेधड़क | जयपुर

सीतापुरा स्थित महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज में बुधवार को छठा दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में फैकल्टी ऑफ मेडिसिन, कॉलेज ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी, कॉलेज ऑफ ऑक्यूपेशनल थैरेपी तथा नर्सिंग कॉलेज के स्टूडेंट्स को डिग्रियां प्रदान की गई। मुख्य अतिथि एमेरिटस चेयरमैन डॉ. एमएल स्वर्णकार, चेयरपर्सन डॉ. विकास स्वर्णकार तथा प्रेसिडेंट डॉ. अचल गुलाटी ने स्टूडेंट्स को डिग्रियां प्रदान की। डिग्री मिलने के साथ ही स्टूडेंट्स के चेहरे खुशी से खिल गए। डॉ. एमएल स्वर्णकार ने डिग्रीधारकों को बधाई देते हुए कहा कि अब आप पर बड़ी जिम्मेदारी है। इसे पूरी ईमानदारी से निभाना है। चेयरपर्सन डॉ. विकास स्वर्णकार ने कहा कि शिक्षा और उपाधि में जब सेवा, संवेनशीलता तथा करुणा का समावेश हो तभी श्रेष्ठ चिकित्सा सेवाएं दी जा सकती हैं। इस अवसर पर प्रो-प्रेसिडेंट डॉ. विनय कपूर, चीफ एडवाइजर डॉ. सुधीर सचदेव, महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एनडी सोनी, रजिस्ट्रार डॉ. एके शर्मा, डीन ऑक्यूपेशनल थेरेपी डॉ. एसके मीना, डीन फिजियोथेरेपी कॉलेज डॉ. मधुसूदन तिवारी, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन कॉलेज डीन डॉ. तंजुल सक्सैना, नर्सिंग कॉलेज डीन गिर्राज सोनी, हैल्थ इनफॉर्मेटिक्स कॉलेज डीन अभिषेक जादौन, परीक्षा नियंत्रक आरसी अहीर, मीना स्वर्णकार, सीईओ आरआर सोनी, हरमन स्वर्णकार, डॉ. शोभित स्वर्णकार, जयाश्री स्वर्णकार, योगेंद्र वर्मा, लीलाधर सोनी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ चिकित्सक तथा प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### स्टूडेंट्स को दी कॅरियर काउंसलिंग



**जयपुर।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) जोधपुर की ओर से युवाओं के लिए एक दिवसीय निःशुल्क कॅरियर काउंसलिंग का आयोजन बुधवार को जयपुर के विभिन्न विद्यालयों में किया गया। निफ्ट के निदेशक प्रो. जीएचएस प्रसाद ने बताया कि काउंसलिंग में युवाओं में खास उत्साह देखा गया। स्टूडेंट्स को फैशन, डिजाइन, टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट सहित विभिन्न कॅरियर ऑप्शन की जानकारी दी गई। कॅरियर को लेकर की गई इस काउंसलिंग में निफ्ट की ओर से जयपुर आए डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि इस दौरान स्टूडेंट्स ने प्रवेश संबंधी विभिन्न कोर्स एवं पॉलिसी संबंधी जानकारी सहित डिजाइन, टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट से जुड़े कॅरियर ऑप्शन को लेकर सवाल पूछे।

**यूथ पावर** | गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने रवाना हुआ एनसीसी कैडेट्स का दल

# सेना के जवानों से कदम मिलाएंगे राजस्थान के कैडेट्स

बेधड़क | जयपुर

रक्षा मंत्रालय की ओर से आयोजित गणतंत्र दिवस परेड और प्रधानमंत्री रैली-2024 में भाग लेने के लिए राजस्थान से एनसीसी कैडेट्स का दल दिल्ली रवाना हुआ है।

इस बार राजस्थान के 175 कैडेट्स गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होंगे। इन कैडेट्स का सिलेक्शन राजस्थान एनसीसी कैडेट्स यूनिट, ग्रुप स्तर और इसके बाद निदेशालय स्तर पर कर प्रशिक्षित किया गया है। गणतंत्र दिवस की परेड में राजस्थान के ये होनहार एनसीसी कैडेट सेना के जवानों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते दिखेंगे। राजस्थान के दल में 119 रेगुलर कैडेट्स, 5 आरवीसी कैडेट्स और पिलानी के बिड़ला बालिका विद्यापीठ बैंड के 51 कैडेट्स शामिल होंगे। इनके साथ एक अधिकारी, 3 एएनओ, पीआई और सिविल स्टाफ सहित कुल 175 कैडेट्स शामिल होंगे। इस मौके पर एनसीसी निदेशक कर्नल जितेंद्र सिंह व जयपुर ग्रुप कमांडर कर्नल वीरेंद्र कुमार ने कैडेट्स को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए एकता और अनुशासन पर जोर दिया। गौरतलब है कि राजस्थान के दल में शामिल कैडेट्स के प्रशिक्षण के लिए सेना, राज्य के कर्मचारियों, अनुभवी व्यक्तियों से भी सहायता ली गई है। राजस्थान का दल गणतंत्र दिवस परेड और पीएम रैली में हिस्सा लेने के बाद 29 जनवरी 2024 को वापस लौटेगा। प्रदेश में आने के बाद कैडेट्स राजस्थान के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, आर्मी कमांडर को राजस्थान की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की झलक दिखाएंगे।





#### प्रतियोगिताओं में लेंगे भाग

राजस्थान के उप महानिदेशक एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा ने बताया कि राज्य का प्रतिनिधित्व करना कैडेट्स के साथ-साथ उनकी यूनिट्स और कैडेट्स के अभिभावकों के लिए भी गर्व की बात है। यहां से 175 कैडेट्स में आर्मी विंग से 43 लड़के और 29 लड़कियां, एयर और नेवल विंग से 10-10 लड़के और 5-5 लड़कियां, 9 जेडी और 6 जेडब्ल्यू कैडेट्स, 4 एसडी कैडेट और 1 एसडब्ल्यू कैडेट आरवीसी और बिड़ला बालिका विद्यापीठ के बैंड की 51 गर्ल कैडेट्स टीम का हिस्सा है। कैडेट्स का ये दल कर्तव्य पथ पर परेड करेगा। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली में ये कैडेट्स विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे, जिनमें कर्तव्य पथ पर परेड, पीएम रैली, गार्ड ऑफ ऑनर, ग्रुप सॉन्ग, डांस और एनआईएपी, सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, सर्वश्रेष्ठ कैडेट्स प्रतियोगिता, इनोवेशन, फोटोग्राफी और मॉडलिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

# कांग्रेस को अपनी भूमिका की पुनर्खोज की आवश्यकता



**डॉ. सी.बी. यादव**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

## कांग्रेस स्थापना दिवस पर विशेष आलेख

*"आज कांग्रेस का मजबूत होना भारतीय लोकतंत्र के लिए बेहद जरूरी है। इसके लिए कांग्रेस को विचार-विमर्श एवं विस्तार तीन आधार स्तंभों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। अर्थात सर्वप्रथम कांग्रेस को विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं का कैडर निर्मित करके उन्हें संगठन एवं सत्ता में भागीदारी देने की आवश्यकता है। कांग्रेस नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं को अपने विचारधारा को साहसिक तरीके से जनता के बीच विमर्श का विषय बनाना है।"*

इस वर्ष 28 दिसंबर को कांग्रेस अपनी स्थापना के 138 वर्ष पूर्ण करने को नागपुर में जनसभा के माध्यम से एक विशेष उत्सव के तौर पर मना रही है। एक के बाद एक अधिकांश चुनावों में लगातार हार एवं बहुत ही गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही कांग्रेस पार्टी इस स्थापना दिवस पर 1921 में गांधी द्वारा चलाए गए "तिलक स्वराज फंड" की तर्ज पर "डोनेट फॉर देश" अभियान चला रखा है। पिछले वर्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में इतिहास की सबसे लंबी "भारत जोड़ो" पदयात्रा सफलतापूर्वक निकालकर कांग्रेस पार्टी ने देश में अपने आप को पुनर्स्थापित करने की कोशिश की है। विगत उदयपुर एवं रायपुर चिंतन शिविरों में भी पार्टी ने अनेक नए सुधारों की घोषणा के साथ अपने भीतर की कमजोरियों को दूर करने का सतत् प्रयास कर रही है, लेकिन इन सबके बावजूद भी इस सच्चाई से मूंह नहीं मोड़ा जा सकता है कि देश को आजाद करवाने वाली, देश को बहुत ही मजबूत संविधान प्रदान करने वाली एवं 20वीं सदी के नव स्वतंत्र देशों में सबसे मजबूत लोकतंत्र तथा राष्ट्र के रूप में स्वतंत्र पहचान की बुनियाद रखने वाली पार्टी अपने सबसे कठिनतम दौर से गुजर रही है। कांग्रेस की स्थापना दिवस पर यह प्रश्न निश्चित ही विचारणीय होना चाहिए कि देश की बुनियाद रखने वाली पार्टी क्या अपनी पूर्व स्थिति को प्राप्त कर पाएगी ? एवं वर्तमान एवं भविष्य के भारत में कांग्रेस की किस प्रकार की भूमिका होनी चाहिए ?

सामान्यतः इस महत्वपूर्ण प्रश्न का जवाब अधिकांशतः कांग्रेस पार्टी की केंद्र एवं राज्यों में सत्ता वापसी से लिया जाता है, लेकिन कांग्रेस पार्टी की वर्तमान परिप्रेक्ष में भूमिका, दशा एवं दिशा कि स्थिति का जायजा लेने के लिए हमें कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य तथा इसकी आजादी के आंदोलन में भूमिका की पड़ताल करनी होगी। कांग्रेस के संविधान के अनुसार "भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का उद्देश्य भारत के लोगों की भलाई और उन्नति करना है और भारत में शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीकों से संसदीय लोकतंत्र पर आधारित एक समाजवादी राज्य की स्थापना करना है, जिसमें अवसर और राजनीतिक समानता हो, आर्थिक और सामाजिक अधिकार और जिसका उद्देश्य विश्व शांति और संगति है।" महात्मा गांधी ने कांग्रेस के इन उद्देश्यों को स्वराज एवं सर्वोदय शब्द के रूप में जनता में लोकप्रिय बनाया। यहां महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या कांग्रेस के इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सत्ता प्राप्ति ही एकमात्र रास्ता है?

इसके लिए स्वतंत्रता आंदोलन में कांग्रेस पार्टी की भूमिका की पड़ताल करनी होगी। 1885 में अपनी स्थापना से लेकर 1920 तक कांग्रेस की मुख्य भूमिका ब्रिटिश शासन के भीतर आंतरिक सुधारो के माध्यम से भारतीयों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए लोकतांत्रिक सुधार करने का रहा। 1920 के उपरांत महात्मा गांधी ने कांग्रेस के उद्देश्य को स्पष्ट परिभाषित किया एवं संगठनात्मक स्वरूप को व्यवस्थित किया। महात्मा गांधी के मार्गदर्शन में कांग्रेस ने 1920 से 1947 तक कांग्रेस द्वारा ब्रिटिश हुकूमत के विरूद्ध आंदोलन के समानांतर स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग, खादी, नई तालीम शिक्षा व्यवस्था, कुटीर उद्योग को प्रोत्साहन, किसान ,मजदूर , महिलाओं एवं दलित के हितों के लिए आंदोलन करना, सहकारिता को प्रोत्साहन, स्वच्छता एवं कुष्ठ रोगियों की सेवा, भारतीय समाज में छुआछूत जैसी बुराइयों के विरुद्ध कई प्रकार की पहल करना जैसी अनेक रचनात्मक गतिविधियां कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के राजनीतिक अभ्यास में अधिक रही। इसका तात्पर्य यह हुआ कि उस दौर में कांग्रेस की मुख्य प्राथमिकता अंग्रेजों को भारत से बाहर करने की अपेक्षा भारतीय समाज की आंतरिक बुराइयों को समाप्त करके नैतिक चेतनायुक्त सशक्त समाज के निर्माण की रही है। जिससे समाज के कमजोर से कमजोर वर्ग की भी राष्ट्र निर्माण में उसकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। गांधी ने हिंद स्वराज में इसी भावना को रेखांकित करते हुए कहा कि "मैं ऐसे भारत के निर्माण के लिए कार्य करूंगा जिसमें गरीब से गरीब दिए महसूस कर सके कि यह उसका देश है तथा उसके निर्माण में उसकी भी भूमिका है।"

इस प्रकार कहा जा सकता है कि आजादी के पूर्व कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य नैतिक सत्ता पर आधारित स्वराज एवं सर्वोदयी समाज की स्थापना करना रहा है। कांग्रेस परंपरागत रूप से सामाजिक आंदोलन एवं राजनीतिक दल की दोहरी भूमिका में रही है। आजादी के उपरांत 5 दशकों से भी अधिक समय तक कांग्रेस पार्टी को जनता का जो विश्वास प्राप्त हुआ है उसके पीछे कांग्रेस द्वारा सामाजिक आंदोलन के रूप में किए गए कार्य मुख्य कारण थे। राष्ट्र निर्माण के इन सामाजिक कार्यों के कारण ही कांग्रेस कार्यकर्ता, संगठन एवं जनता के बीच एक विश्वास का रिश्ता निर्मित हुआ था। यदि कांग्रेस पार्टी एक राजनीतिक सत्ता के रूप में कमजोर हुई है तो उसके पीछे मुख्य कारण भी उसके सामाजिक आंदोलन की परंपरागत भूमिका से विमुख होना है। आजादी के 75 वर्ष उपरांत भी राष्ट्र निर्माण में स्वराज एवं सर्वोदय का लक्ष्य अभी भी अधूरा है। कांग्रेस पार्टी को अपनी स्थापना दिवस पर अपने इस मूल उद्देश्यों को याद करने की आवश्यकता है। यहां यह भी ध्यान दें योग्य बात है कि यह उद्देश्य केवल सत्ता के रास्ते पूर्ण नहीं हो सकता। यदि कांग्रेस अपनी प्रतिपक्ष की भूमिका के साथ-साथ नए भारत की परिस्थितियों के अनुरूप अपनी सामाजिक आंदोलन की रचनात्मक गतिविधियों की और उन्मुख होती है तो कांग्रेस संगठन, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं जनता के बीच विश्वास को पुनर्निमित किया जा सकता है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## यूं ही चलता रहा तो सरकार के लिए कर्ज का भुगतान करना होगा मुश्किल

# बढ़ती अर्थव्यवस्था और कर्ज का बोझ



**सुनील कुमार महला**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

*"यह ठीक है कि भारत की अर्थव्यवस्था बहुत तेज गति से विकास कर रही है, लेकिन बढ़ता हुआ कर्ज देश की अर्थव्यवस्था की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता हैं। हाल ही के वर्षों में ही हमने यह देखा है कि किस प्रकार से पाकिस्तान व श्रीलंका जैसे देशों में अर्थव्यवस्था का संकट गहरा गया और विदेशी कर्ज के चलते इन देशों की अर्थव्यवस्था बेटपरी हो गई।"*

आईएमएफ की वर्ल्ड इकोनॉमी रैंकिंग 2023 सूची के मुताबिक, भारत 3.469 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी के साथ पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सरकार ने इसे पांचवें से तीसरे पायदान पर पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है, यह बहुत ही काबिले-तारीफ है। वास्तव में किसी भी देश की ऊंची जीडीपी, जिसे सकल घरेलू उत्पाद भी कहा जाता है, यह दर्शाती है कि वह देश आर्थिक रूप से बहुत मजबूत है और स्थिर दर से बढ़ रहा है। जानकारी मिलती है कि 20 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की जीडीपी के साथ, संयुक्त राज्य अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके बाद एशिया महाद्वीप में चीन दूसरे नंबर पर, जापान तीसरे नंबर पर तथा भारत चौथे नंबर पर है। वैसे जर्मनी (यूरोप महाद्वीप) चौथे नंबर पर है। भारत जैसे देश में बचत करने की शुरू से ही एक परंपरा रही है, हर कोई बचत में विश्वास करता है। हमारे देश में राजकोषीय अनुशासन भी देखने को मिलता है।

अतः हम यह बात कह सकते हैं कि मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों, मजबूत घरेलू मांग, राजकोषीय अनुशासन, उच्च बचत दरों और जनसांख्यिकीय रुझानों के साथ, भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि आज भारत के प्रमुख आर्थिक योगदानकर्ता पारंपरिक और आधुनिक कृषि, प्रौद्योगिकी सेवाएं, हस्तशिल्प उद्योग और व्यवसाय आउटसोर्सिंग हैं। एक बिलियन से अधिक की आबादी द्वारा उत्पन्न 3.4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अनुमानित जीडीपी के साथ भारत दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या-आधारित अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसके अतिरिक्त, पाठकों को यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि आर्थिक सर्वेक्षण के पूर्वानुमान के अनुसार, भारत के 2023-24 में 6.5% की वृद्धि हासिल करने की संभावनाएं हैं। बावजूद इन सबके देश पर बढ़ते कर्ज के प्रति सरकार को सतर्क रहने की आवश्यकता है। मीडिया रिपोर्टों से यह पता चलता है कि देश पर कुल कर्ज 205 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। अगर हम यहां पर विदेशी कर्ज की बात करें तो वर्ष 2014-15 में भारत पर विदेशी कर्ज 31 लाख करोड़ रुपए था। वर्ष 2023 में भारत पर विदेशी कर्ज बढ़कर 50 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। जानकारी मिलती है कि इस वर्ष मार्च में देश पर कुल कर्ज 200 लाख करोड़ रुपए था, यानी बीते 6 महीने में 5 लाख करोड़ रुपए का कर्ज बढ़ गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने भारत सरकार को चेताया है कि सरकार अगर इसी रफ्तार से कर्ज लेती रही तो देश पर जीडीपी का 100 फीसदी कर्ज हो सकता है और ऐसा हुआ तो सरकार के लिए कर्ज का भुगतान करना मुश्किल होगा।

वैसे पाठकों को यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि यूं तो घाटे के बजट वाली अर्थव्यवस्था को प्रगतिशील माना गया है, लेकिन कर्ज अधिक होने के कारण ब्याज देनदारी भी अधिक होगी और ब्याज देनदारी अधिक होने के कारण किसी भी देश पर भुगतान करने का गंभीर संकट पैदा हो सकता है। हालांकि वित्त मंत्रालय ने आईएमएफ रिपोर्ट पर असहमति जताते हुए यह बात कही है कि वर्ष 2002 की तुलना में कर्ज कम है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि आईएमएफ का भारत पर सौ प्रतिशत कर्ज का अनुमान गलत है।

वर्तमान में भारत पर जो कर्ज है वह रूपए में है, इसलिए यह चिंता की बात नहीं है। गौरतलब है कि इस संबंध में मंत्रालय ने यह कहा है कि सरकारी कर्जा (राज्य और केंद्र दोनों सहित) वित्त वर्ष 2020-21 में लगभग 88 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में लगभग 81 प्रतिशत हो गया है।

यह कर्जा अभी भी 2002 की तुलना में कम है। यहां यह भी जानकारी पाठकों को देना चाहूंगा कि इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड यानी (आईएमएफ) ने भारत को 'स्टार परफॉर्मर' बताया है। आईएमएफ ने यह कहा कि इस साल ग्लोबल ग्रोथ में भारत 16% से अधिक योगदान दे सकता है। डिजिटलीकरण और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में आर्थिक सुधारों के कारण भारत की विकास दर मजबूत बनी हुई है। यह ठीक है कि भारत की अर्थव्यवस्था बहुत तेज गति से विकास कर रही है, लेकिन बढ़ता हुआ कर्ज देश की अर्थव्यवस्था की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता हैं। हाल ही के वर्षों में ही हमने यह देखा है कि किस प्रकार से पाकिस्तान व श्रीलंका जैसे देशों में अर्थव्यवस्था का संकट गहरा गया और विदेशी कर्ज के चलते इन देशों की अर्थव्यवस्था बेटपरी हो गई। हमने देखा कि श्रीलंका ने आर्थिक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और कृषि संकट के कारण अभूतपूर्व संकट का सामना किया और पाकिस्तान की आज हालत क्या है, यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है।

पाकिस्तान और श्रीलंका ही नहीं, तुर्की, स्पेन की सरकार का संकट भी हमने देखा है। आज हमारे देश में फ्रीबीज कल्चर हावी है। जानकारी देना चाहूंगा कि फ्रीबीज़ वे वस्तुएं और सेवाएं हैं जो उपयोगकर्ताओं को किसी सरकार विशेष द्वारा बिना किसी शुल्क के मुफ्त में प्रदान की जाती हैं। इनको आमतौर पर अल्पावधि में लक्षित आबादी को लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। उन्हें प्रायः मतदाताओं को लुभाने या लोकलुभावन वादों के साथ रिश्वत देने के एक तरीके के रूप में देखा जाता है। वास्तव में फ्रीबीज कल्चर देश व समाज के लिए बहुत ही घातक है और इस संबंध में स्वयं हमारे देश के प्रधानमंत्री कह चुके हैं। फ्रीबीज कल्चर के कारण आज सरकारों पर कर्ज बढ़ने का खतरा और अधिक बढ़ गया है। इसलिए फ्रीबीज के नाम पर सरकारों को अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना बंद करना चाहिए।

जानकारी देना चाहूंगा कि एक रिपोर्ट के अनुसार देश का कुल कर्ज चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 2.47 लाख करोड़ डॉलर (205 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंच गया है। वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में कर्ज 200 लाख करोड़ रुपए था। इनमें केंद्र सरकार का कर्ज 161.1 लाख करोड़ है, तो कुल कर्ज में राज्य सरकारों की हिस्सेदारी 50.18 लाख करोड़ रुपए है। मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि वर्ष 2014 में केंद्र सरकार पर कुल कर्ज 55 लाख करोड़ रुपए था, जो सितंबर 2023 तक बढ़कर 161 लाख करोड़ हो गया है। इस हिसाब से देखें तो पिछले 9 साल में भारत सरकार पर 192% कर्ज बढ़ा है। इसमें देश और विदेश दोनों तरह के कर्ज शामिल हैं। इसी तरह अब अगर विदेशी कर्ज की बात करें तो 2014-15 में भारत पर विदेशी कर्ज 31 लाख करोड़ रुपए था। 2023 में भारत पर विदेशी कर्ज बढ़कर 50 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। बहरहाल,भारत की कुल आबादी 142 करोड़ मान ली जाए तो आज के समय में हर भारतीय पर 1.40 लाख रुपए से ज्यादा का कर्ज है। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि वर्ष 2004 में जब मनमोहन सिंह की सरकार बनी तो भारत सरकार पर कुल कर्ज 17 लाख करोड़ रुपए था। 2014 तक तीन गुना से ज्यादा बढ़कर ये 55 लाख करोड़ रुपए हो गया। आकार के हिसाब से बेशक भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं बड़ी इकोनॉमी है, लेकिन लगातार कर्ज का बढ़ना सरकार के लिए नया संकट खड़ा कर सकता है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# हर पूंछ वाला-घोड़ा



**गोविंद सेन**
व्यंग्यकार

हाईवे पर पंजाबी ढाबा था। पास ही थोड़ी-बहुत घास थी। एक पानी का हौज था। एक कुत्ता ढाबे के आसपास मंडराता रहता था। वहीं गधा भी घास चरने आया करता था। दोनों में दोस्ती हो गई। दोनों थोड़ी मस्ती कर लिया करते थे। कुत्ता गधे को गर्दभराज कहा करता था। गधा कुत्ते को श्वानेश्वर कहता था।

'यह मुझे गर्दभराज मत कहा करो श्वानेश्वर। इसमें सामन्तवाद की बू आती है।' गधे ने एतराज किया। 'मित्र गर्दभराज मुझे तुम में बहुत संभावना नज़र आती है। कोई तंत्र हो, सामन्तवाद हमेशा रहेगा। मैं तो तुम्हें गर्दभराज ही कहूंगा। मुझे तुम बहुत काबिल नजर आते हो। तुम्हारे भाग्य में राजयोग लिखा है।' कुत्ते ने उसके एतराज को खारिज किया। 'क्यों मजाक करते हो श्वानेश्वर। क्या संभावना है मुझमें। घोर उदासी से घिरा रहता हूँ। चेहरे पर मुर्दनी छायी रहती है। आजकल आग टीवी वाले भी मुझे नहीं बुलाते।

मुझे आग लगाने के काबिल भी नहीं समझा जाता।' 'उदास न हो गर्दभराज। मैं सच कह रहा हूं, तुम में असीम संभावना है। तुम्हारे पास एक ऐसी चीज है जिसके जरिए तुम सफलता के शिखर पर चढ़ सकते हो।' 'क्यों फेंकते हो श्वानेश्वर। मेरे पास ऐसी क्या चीज है।' 'मेरा यकीन करो गर्दभराज। वह चीज है तुम्हारी सुन्दर पूंछ। इसी के जरिए तुम सफलता की सीढ़ियां चढ़ सकते हो।' 'पूंछ! इस पूंछ में ऐसा क्या है। पूंछ तो तुम्हारी भी है श्वानेश्वर।''मेरी पूंछ और तुम्हारी पूंछ में बहुत अंतर है। मेरी पूंछ हमेशा टेढ़ी रहती है। इसे मैं बरसों तक फोंगली में रखूं, तब भी यह टेढ़ी ही रहेगी। कभी सीधी न होगी। तुम्हारी पूंछ शानदार है। उपयोगी है। घुड़साल के प्रधान अधिकारी को यह पूंछ भा जाएगी।'

'घुड़साल के प्रधान को भा जाएगी। कैसी बात करते हो।''हां, बिलकुल सही कह रहा हूं गर्दभराज। सीकरी की घुड़साल का प्रधान बहुत पारखी है। वह हर पूंछ वाले को घोड़ा समझता है। तुम्हारी पूंछ ठीक घोड़े जैसी है।' 'क्या बात करते हो श्वानेश्वर। मेरी पूंछ घोड़े जैसी है!' 'हां गर्दभराज, तुमने अपनी पूंछ को पीछे से देखा ही कहां है। यह घोड़े जैसी ही है।' 'लेकिन मैं सीकरी पहुंचूंगा कैसे श्वानेश्वर?''वह मुझ पर छोड़ दो। मेरी एक ड्राइवर से पहचान है। वह मुझे चूसने के लिए हड्डियां फेंका करता है। तंदुरी रोटी के टुकड़े देता है। उसका मुझ कर अथाह प्रेम है। वह तुम्हें सीकरी पहुंचा देगा । लेकिन इसके पहले तुम्हें गालियां सीखनी होगी। मां-बहन को फूहड़ गालियां। तभी तुम्हें सफलता मिलेगी। घुड़साल में तुम्हें अव्वल दर्जा तभी मिलेगा। प्रधान अधिकारी के पास गालीबाजों की बहुत कमी है। यदि तुम गालियां देकर अपनी काबिलियत सिद्ध कर देते हो तो तुम्हें तत्काल प्रमोशन मिलेगा। घोड़े भी देखते रह जाएंगे। कुछ ही दिनों में हर राज्य में एक विशेष पर्व मनाया जाएगा। संभव है कि तुम्हें पर्व प्रमुख बना दिया जाए। आग टीवी में विरोधियों के विरुद्ध आग उगलना तो तुमने के सीख ही लिया है, अच्छी गालियों का अभ्यास करना ही बाकी है।'

'मुझे गालियां कौन सिखाएगा श्वानेश्वर। आग तो मैं उगल लेता हूं। आग टीवी पर अच्छा अभ्यास हो गया है।' 'मैं हूं ना गर्दभराज। बस मुझे भूल न जाना। याद रखना। जब सीकरी में सेट हो जाओ तो मदद के लिए मुझे जरूर बुला लेना।' 'बिलकुल श्वानेश्वर। मैं असली गधा हूं, कोई नकली आदमी नहीं जो एहसान फरामोशी करूं।' 'मुझे तुम पर पूरा भरोसा है गर्दभराज। मैं तुम्हें पर्व-प्रमुख देखना चाहता हूं।'

कुछ ही दिनों में कुत्ते ने गधे को खालिस गालियां सिखा दीं। उसने ये नायाब गालियां ड्राइवरों और क्लीनरों से सुनकर सीखी थीं। एक शुभ मुहूर्त देखकर कुत्ते ने गधे को सीकरी रवाना कर दिया है। जल्दी ही गधे को घुड़साल से में प्रवेश मिल जाएगा। वह अपना पिछवाड़ा दिखा प्रधान अधिकारी का ध्यान अपनी पूंछ की ओर खींच लेगा। अपनी गाली देने की कला का प्रदर्शन कर वह किसी राज्य का पर्व-प्रमुख बना दिया जाएगा। लोग जल्दी ही उसकी सफलता की कहानी सुनेंगे।

## नॉलेज कॉर्नर: ग्लोबल फायरपावर की 2023 की रैंकिंग

# भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना

इस साल भी भारतीय सेना ने दुनिया भर में अपनी सैन्य ताकत का लोहा मनवाया। ग्लोबल फायरपावर की 2023 की रैंकिंग इसकी पुष्टि करती है। रैंकिंग के मुताबिक, भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है। ग्लोबल फायरपावर वेबसाइट दुनिया के देशों की रक्षा संबंधी जानकारी को ट्रैक करती है। इसने दुनिया के 145 देशों की सेनाओं की क्षमताओं का विश्लेषण कर 2023 की रैंकिंग जारी की थी। इस रैंकिंग में भारत की रैंक यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, पाकिस्तान जैसे देशों से बेहतर रही। साल 2023 में रक्षा मंत्रालय ने एक तरफ जहां सुरक्षा हथियार आयात का एक नया रिकॉर्ड बनाया, वहीं दूसरी ओर स्वदेशी निर्माताओं को भारत के इतिहास में सबसे बड़ा ऑर्डर भी मिला। इस बारे में अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### मिसाइलों का सफल परीक्षण

नौसेना ने मीडियम रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (एमआरएसएएम) का सफल परीक्षण किया। एमआरएसएएम एक एंटी शिप मिसाइल है जिसे भारत में बनाया गया है। इस मिसाइल को भारत के डीआरडीओ और इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने मिलकर विकसित किया है। इसके अलावा अग्नि-1 मिसाइल सतह से सतह पर मार करने वाली एक परमाणु सक्षम मिसाइल है। यह बहुत उच्च स्तर की सटीकता के साथ लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। साल के शुरूआत में ही जनवरी महीने में



भारतीय नौसेना ने कलवारी क्लास की पांचवी पनडुब्बी INS Vagir को कमिशन किया था। इसे भारत में ही बनाया गया है। इसमें कई बड़ी मिसाइल रखी जा सकती है और इसका रडार सिस्टम दुनिया से सबसे बेहतरीन में से एक है। यह अब तक की सभी स्वदेशी निर्मित पनडुब्बियों में सबसे कम समय में तैयार हुई है। इसके अलावा भारतीय वायूसेना के पास उच्च कोटि के लड़ाकू विमान, हेलिकॉप्टर और एयरक्राफ्ट मौजूद हैं जो दुश्मन के दांत खट्टे करने के लिए काफी हैं।

### निर्यात में करोड़ों की बढ़त

भारत को पहले सुरक्षा हथियार आयात करने के लिए जाना जाता था। लेकिन सरकार नीतिगत पहल की बदौलत आज भारत हथियारों के निर्यात में नए कीर्तिमान रच रहा है। 2023 में भारतीय हथियारों का निर्यात रिकॉर्ड 16,000 करोड़ रुपए के करीब पहुंच गया है। यह पिछले वित्तीय वर्ष से लगभग 3,000 करोड़ ज्यादा है। वित्तिय वर्ष 2016-17 की तुलना में 2022-23 में रक्षा निर्यात में 10 गुना से ज्यादा की बढ़त दर्ज हुई है। 2016-17 में 1,521 करोड़ रुपए का सुरक्षा निर्यात हुआ था। वहीं, 2013-14 में 686 करोड़ रुपए का निर्यात हुआ था। दुनियाभर में भारत के बनाए हथियार जैसे ब्रह्मोस मिसाइल, तेजस स्पेसक्राफ्ट की मांग बढ़ी है।

### थल सेना को एडवांस्ड सैटेलाइट

*रक्षा मंत्रालय ने भारतीय थल सेना के लिए GSAT-7B नाम की एक एडवांस्ड कम्युनिकेशन सैटेलाइट को अनुमति दे दी है। यह सैटेलाइट खुफिया संचार में सेना की मदद करेगा। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने लगभग 3000 करोड़ रुपए का समझौता न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के साथ किया है।* कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

X



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
जीवन सरल है। यदि आप इसे नहीं समझते हैं, तो आप अपने जीवन को कई तरीकों से जटिल बना लेंगे।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
सच्चे हृदय से ईश्वर का नाम लेने से विपत्ति भी संपत्ति बन जाती है।

### लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की रणनीति तय, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रदेश इकाइयों को दिया निर्देश

# भाजपा अब छेड़ेगी गांव चलो अभियान, देशभर में होंगी युवा बैठकें

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा की रणनीति तय करने के लिए राज्यों के दौरे पर हैं। नड्डा और शाह ने मंगलवार और बुधवार को पश्चिम बंगाल में पार्टी की सियासी तैयारियों का जायजा लिया और राज्य की 48 विधानसभा सीटों में से 35 सीटें जीतने का प्रदेश भाजपा को टारगेट दिया। अब दोनों नेता गुरुवार को तेलंगाना के दौरे पर जाएंगे। इसके बाद शाह का ओडिशा का दौरा प्रस्तावित है, जहां बीजद की सरकार है। वस्तुतः भाजपा केंद्र में तीसरी बार सत्ता में आने के लिए अपने सियासी व सामाजिक समीकरण साध रही है। सूत्रों के अनुसार भाजपा के लोकसभा चुनाव की रणनीति के केंद्र में गांव व युवाओं को रखकर आगे बढ़ेगी। इसके लिए पार्टी ने बड़े पैमाने पर गांव-गांव पहुंचने की रणनीति बनाई है। नड्डा ने पार्टी की राज्य इकाइयों को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने 'गांव गांव चलो अभियान' नाम के जनसंपर्क कार्यक्रम को शुरू करने का निर्देश दिया। यह कार्यक्रम जनवरी के पहले सप्ताह में शुरू होगा और फरवरी तक चलेगा। राज्य इकाइयां देशभर में 5,000 स्थानों पर युवा बैठकें आयोजित करेंगी।





### हर गांव के लिए होगा भाजपा कार्यकर्ता नियुक्त

नड्डा के निर्देश के अनुसार, हरेक गांव के लिए कम से कम एक भाजपा कार्यकर्ता नियुक्त किया जाएगा। बड़े गांव के मामले में एक से ज्यादा पार्टी कार्यकर्ता होंगे। इस अभियान में केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता भी हिस्सा लेंगे। गांव तक पहुंच के साथ-साथ नड्डा ने राज्य इकाइयों को युवाओं और पहली बार के मतदाताओं को आकर्षित करने की दिशा में काम करने का भी कहा है।

### 50 लाख युवा मतदाताओं तक पहुंचने की योजना

राष्ट्रीय मतदाता दिवस से एक दिन पहले 24 जनवरी को पार्टी नेताओं को देशभर में 5,000 जगहों पर युवा बैठकें आयोजित करने को कहा गया है। राज्य इकाइयों को ऐसी सभी बैठकों में कम से कम 1000 पहली बार वोट डालने जा रहे युवा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। ऐसा करके पार्टी पहली बार वोटिंग करने जा रहे मतदाताओं सहित 50 लाख युवा मतदाताओं तक पहुंच सुनिश्चित करेगी।

### सीसीए को मुद्दा बनाने की भी तैयारी

शाह ने मंगलवार रात कोलकाता में पार्टी नेताओं के साथ एक बैठक में सीएम ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए नागरिकता संशोधन कानून का जिक्र किया। उन्होंने दो-टूक लहजे में कहा कि कि नागरिकता (संशोधन) कानून को लागू होने से कोई नहीं रोक सकता क्योंकि यह देश का कानून है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर इस मुद्दे पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। शाह ने यह भी कहा कि हमें अगले विधानसभा चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनाने के लिए काम करना है। बंगाल में भाजपा सरकार का मतलब घुसपैठ, गाय तस्करी का अंत और सीएए के माध्यम से धार्मिक रूप से सताए गए लोगों को नागरिकता प्रदान करना होगा।

### अमित शाह आज हैदराबाद दौरे पर करेंगे मंथन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह गुरुवार को तेलंगाना में भाजपा संगठनात्मक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। वह अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल और ओडिशा में पार्टी को आगे बढ़ाने का नेतृत्व करेंगे। भाजपा नेताओं ने कहा कि अमित शाह हैदराबाद में राज्य के वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी की कोर ग्रुप की बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके बाद वे तेलंगाना में मंडल अध्यक्षों के साथ मुलाकात करेंगे। 2019 के चुनाव में तेलंगाना के 17 सीटों में भाजपा ने चार सीटें जीती थी। राज्य में एक मजबूत सियासी ताकत के साथ उभरने की कोशिश कर रही भाजपा को कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में झटका दे दिया था। दरअसल, तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भारत राष्ट्र समिति को सत्ता से बाहर कर दिया। सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में अमित शाह ओडिशा का भी दौरा करेंगे, जहां बीजू जनता दल लंबे समय से ही सत्ता में रही है।

### बेंगलुरु: दुकानों के अंग्रेजी के साइनबोर्ड तोड़े

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में भाषा को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। बेंगलुरु नगर निगम ने हाल ही दुकानों की नाम पट्टिका में 60 प्रतिशत कन्नड भाषा के इस्तेमाल का निर्देश दिया था। कर्नाटक रक्षणा वेदिके (नारायण गौड़ा गुट) ने बुधवार को बेंगलुरु में उन व्यापारिक प्रतिष्ठानों के साइनबोर्ड और नेम प्लेट को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिनमें कन्नड़ का इस्तेमाल नहीं किया गया था। कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न हिस्सों में रैलियां निकालीं। कन्नड़ समर्थक समूहों ने केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी नगर निगम के आदेश को तत्काल लागू करने की मांग कर रहे हैं। बीबीएमपी प्रमुख ने कहा कि नागरिक निकाय के अधिकार क्षेत्र में कमर्शियल दुकानों को 28 फरवरी तक आदेश का पालन करना होगा।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा: पीएम मोदी ने किया संबोधित

# अब तक 2.25 लाख गांवों तक पहुंची यात्रा, जुड़ रहे हैं लोग: PM

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभा को भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने का यह अभियान लगातार बढ़ रहा है। यात्रा शुरू हुए अभी 50 दिन भी नहीं हुए हैं, लेकिन अब तक यह यात्रा 2.25 लाख गांवों तक पहुंच चुकी है। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने इसे सफल बनाने के लिए सभी को, विशेषकर महिलाओं और युवाओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य उस व्यक्ति तक पहुंचना है, जो किसी कारणवश भारत सरकार की योजनाओं से वंचित रह गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के जीवन में बदलाव 'साहस, संतुष्टि और सपनों' से भरी कहानी है। 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं और उन्हें बैंकों द्वारा 7.5 लाख करोड़ रुपए दिए गए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने और देशवासियों को जोड़ने का ये अभियान लगातार विस्तार ले रहा है। दूर-दूर के गांवों तक पहुंच रहा है। युवा, महिलाएं, गांव के वरिष्ठ नागरिक मोदी की गारंटी की गाड़ी का इंतजार करते हैं और इस गाड़ी के कार्यक्रम का इंतजाम भी करते हैं।

लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बीते दिनों जब-जब मुझे इस यात्रा से जुड़ने का अवसर मिला है, तो मैंने एक बात नोट की है। जिस प्रकार देश के गरीब, किसान, युवा और महिलाएं आत्मविश्वास से अपनी बातें सामने रखते हैं, उन्हें सुनकर मैं खुद विश्वास से भर जाता हूं।






### होता है मोदी की गारंटी वाली गाड़ी का इंतजार

आज देश के कोटि-कोटि लाभार्थी सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाने के माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां भी जा रही है, वहां लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। यात्रा शुरू होने के बाद उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 4.5 लाख नए लाभार्थियों ने आवेदन किया है। यात्रा के दौरान मौके पर ही 1 करोड़ आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं।

### पहली बार हो रही स्वास्थ्य जांच

पीएम मोदी ने कहा कि पहली बार देशव्यापी हेल्थ चेकअप हो रहा है। लगभग 1.25 करोड़ लोगों का हेल्थ चेकअप हो चुका है। 70 लाख लोगों की टीबी से जुड़ी जांच पूरी हो चुकी है. 15 लाख लोगों की सिकल सेल एनीमिया की जांच हुई है।

### स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 10 करोड़ बहन-बेटियां

पीएम ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए, गांवों में महिलाओं को स्वरोजगार देने के लिए भारत सरकार बहुत बड़ा अभियान चला रही है। बीते वर्षों में देश में लगभग 10 करोड़ बहन-बेटियां और दीदियां स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हमें 'वोकल फॉर लोकल का संदेश गांव-गांव, गली-गली तक पहुंचाना है।

#### गणतंत्र दिवस समारोह

# पंजाब की झांकी शामिल नहीं करने पर सीएम मान खफा

### केंद्र सरकार पर पंजाब के साथ भेदभाव का आरोप

**एजेंसी** | चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गणतंत्र दिवस परेड में पंजाब की झांकी शामिल नहीं किए जाने को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। केंद्र पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, पिछले साल भी पंजाब की कोई झांकी नहीं थीं और इस साल भी नहीं। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। मान ने मीडिया से बातचीत में कहा, अगर उनका बस चले तो वे राष्ट्रगान जन गण मन से 'पंजाब' शब्द को हटा देंगे।

मान ने आरोप लगाया कि केंद्र ने पंजाब के साथ भेदभाव किया है। उन्होंने कहा कि पंजाब और दिल्ली दोनों ही चयनित झांकी वाली सूची में नहीं हैं।



### राजनीतिकरण का लगाया आरोप

केंद्र पर सभी चीजों का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए मान ने कहा, मतलब 26 जनवरी और 15 अगस्त का भी भगवाकरण हो गया, भाजपाकरण हो गया, राजनीतिकरण हो गया। मान ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में पंजाब की जिन झांकियों को केंद्र द्वारा शामिल नहीं किया गया वे अब पंजाब के गणतंत्र दिवस समारोह का हिस्सा होंगी। इन झांकियों पर हम 'केंद्र द्वारा खारिज' भी लिखेंगे।

### पंजाब ने दिया था तीन झांकियों का प्रस्ताव

मान ने कहा कि बुधवार को उन्हें केंद्र से एक पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें बताया गया कि पंजाब की झांकी को शामिल नहीं किया गया है। मान ने कहा कि उन्हें सिर्फ चयनित झांकियों की सूची के बारे में जानकारी दी गई है। मान ने बताया कि इस वर्ष केंद्र ने राज्य को एक पत्र लिखकर झांकी के संबंध में हमारी इच्छा के बारे में जानकारी मांगी थी। इस पर हमने चयन के लिए पंजाब से तीन झांकियों का प्रस्ताव रखा, जिसके लिए डिजाइन भी दिए गए।

### शिवराज ने सीएम आवास किया खाली...

# पता बदला है... मामा का दरवाजा सदा खुला रहेगा

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान का पता बदल गया है। दरअसल, उन्होंने सीएम आवास खाली कर दिया है। शिवराज सिंह करीब डेढ़ दशक तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद मोहन यादव राज्य के नए मुख्यमंत्री बने हैं। अब शिवराज सिंह को दूसरा बंगला आवंटित किया गया है। पूर्व सीएम ने अपने नए घर का पता भी बताया है। उन्होंने कहा कि मेरा पता जरूर बदल रहा है, लेकिन आपके भैया, आपके मामा के दरवाजे हमेशा आपके लिए खुले रहेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो पोस्ट में लिखा, आज पता बदल रहा है, लेकिन आपके भैया, आपके मामा के दरवाजे हमेशा आपके लिए खुले रहेंगे।



### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह

# CM ममता बनर्जी के समारोह में शामिल होने के आसार नहीं

**एजेंसी** | कोलकाता

अयोध्या में भगवान राम के मंदिर की 22 जनवरी को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के शामिल होने की संभावना नहीं है। हालांकि इसे लेकर फिलहाल पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। दूसरी ओर कर्नाटक के पूर्व सीएम और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी को भी समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। टीएमसी सूत्रों के मुताबिक, 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में न तो बनर्जी और न ही पश्चिम बंगाल सरकार या पार्टी का कोई प्रतिनिधि मौजूद रहेगा। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि ममता बनर्जी या टीएमसी के किसी अन्य प्रतिनिधि के अगले महीने अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन में शामिल होने का कोई सवाल ही नहीं है।



हम राजनीति को धर्म के साथ मिलाने में विश्वास नहीं करते हैं। इससे पहले, सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी ने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया था।

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर 6,000 से अधिक लोगों के भाग लेने की उम्मीद है।

#### कांग्रेस की नागपुर में रैली आज

# सोनिया समेत पार्टी के बड़े नेता भरेंगे चुनावी हुंकार

**एजेंसी** | नागपुर

कांग्रेस 28 दिसंबर को अपने 138वें स्थापना दिवस पर महाराष्ट्र के नागपुर में 'हैं तैयार हम' महारैली आयोजित करेगी। इसमें कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित पार्टी पदाधिकारियों और अन्य नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। इसी के साथ देश के अलग अलग हिस्सों से भी कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भी यहां पहुंचेंगे। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को रैली स्थल पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लोगों के लिये यह एक ऐतिहासिक क्षण है। पार्टी नेताओं के अनुसार, नागपुर के दिघोरी में मेगा रैली के लिए जोरदार तैयारी चल रही है, जहां लाखों लोग और कांग्रेस कार्यकर्ताओ के इस कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है. जब भी देश पर संकट आया, कांग्रेस आगे आई है।

#### राहुल गांधी की न्याय यात्रा

# 'इंडिया' के घटक दलों को यात्रा से जोड़ना कांग्रेस के लिए होगी अहम चुनौती

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की प्रस्तावित न्याय यात्रा अयोध्या में राममंदिर की 22 जनवरी को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा से एक सप्ताह से पहले शुरू हो जाएगी। उस समय खासकर उत्तर भारत में पूरा माहौल राममय हो जाएगा। क्योंकि इससे पहले प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े अन्य कई कार्यक्रम शुरू हो चुके होंगे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार राहल गांधी की प्रस्तावित यात्रा राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व भाजपा और उसके सहयोगी संगठनों द्वारा जनमानस तक पहुंचने के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभाव को कम करने के लिए कांग्रेस की रणनीतिक पहल हो सकती है। ऐसे में कांग्रेस के सामने न्याय यात्रा को प्रभावशाली बनाने की अहम चुनौती होगी। उल्लेखनीय है कि राम मंदिर के निर्माण और अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए राहुल गांधी के जाने के सवाल पर कांग्रेस को घेरा जाता रहा है। इसलिए राहुल की यह यात्रा पार्टी बड़ी राजनीतिक पहल तो होगी पर क्या वह विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों को इस यात्रा से जोड़ पाएगी या नहीं अभी इसकी तस्वीर साफ होनी शेष है।

यह यात्रा कई ऐसे राज्यों से होकर गुजरेगी जहां क्षेत्रीय पार्टियां काफी प्रभावशाली हैं और कई राज्यों में उनकी सरकार भी है।



### सियासी आजमाइश कहां-कहां

| राज्य | इंडिया के घटक दल |
| --- | --- |
| पश्चिम बंगाल | तृणमूल कांग्रेस |
| बिहार | राजद व जद यू |
| झारखंड | झारखंड मुक्ति मोर्चा |
| उत्तर प्रदेश | समाजवादी पार्टी |
| महाराष्ट्र | उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना व शरद पवार नीत राकांपा |

### सीटों के बंटवारे पर पड़ सकती है न्याय यात्रा की छाया

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भारत न्याय यात्रा पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों से होकर गुजरेगी। पश्चिम बंगाल में इंडिया गठबंधन में शामिल तृणमूल कांग्रेस की सरकार है, वहीं बिहार में राजद और जदयू गठबंधन की सरकार है। वहीं पश्चिम बंगाल व बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन में शामिल कई दल बड़ी सियासी ताकत हैं। जिनके साथ कांग्रेस को सीटों के बंटवारे पर फैसला करना है। ऐसे में राहुल की यह यात्रा के मद्देनजर कांग्रेस को सीटों के बंटवारे को लेकर कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। यात्रा के दौरान इंडिया गठबंधन के सहयोगी अपने-अपने राज्यों में राहुल गांधी का किस तरह समर्थन करते हैं यह देखना होगा। यह वक्त 2024 के चुनाव से ठीक पहले का होगा और इंडिया गठबंधन के दूसरे दल भी इसी दौरान विभिन्न स्थानों पर रैलियों की योजना बना रहे हैं।

### क्या विपक्षी नेता करेंगे मंच साझा

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई विपक्षी नेता व सामाजिक कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए थे। लेकिन इस बार आसन्न चुनावों के कारण मजबूत राजनीतिक दलों के नेता क्या राहुल गांधी के साथ मंच साझा करेंगे, यह भी एक अहम सवाल होगा। हाल ही दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को 2024 में इंडिया गठबंधन की ओर से पीएम उम्मीदवार बनाए जाने का प्रस्ताव रखा। हालांकि खरगे ने इसे अस्वीकार कर दिया था और कहा था कि फैसला चुनावों के बाद किया जाएगा।

## जरूरी खबर

### आईईडी बरामद आतंकियों की साजिश नाकाम

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सेना ने बुधवार को श्रीनगर-बारामूला हाइवे पर लगाए गए एक आईईडी बरामद कर बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया। सेना की चिनार कोर ने सोशल आईईडी बरामद होने और उसको नष्ट किए जाने की जानकारी दी है।

सेना ने बताया कि श्रीनगर-बारामूला हाइवे पर लवायपुरा के पास आईईडी बरामद बरामद हुआ। अधिकारियों ने बताया कि सुबह के समय सुरक्षा बल नियमित गश्त पर थे। इस दौरान उन्हें श्रीनगर-बारामूला हाइवे पर लवायपुरा में एक गैस सिलेंडर संदिग्ध स्थिति रखा नजर आया। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा बलों ने तुरंत यातायात का मार्ग बदल दिया।

बाद में मौके पर पहुंची बम निष्क्रिय करने वाले दस्ते ने आईईडी को निष्क्रिय कर दिया।

### मुस्लिम लीग जम्मू-कश्मीर पर लगाया प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** मुस्लिम लीग जम्मू-कश्मीर पर केंद्र ने प्रतिबंध लगा दिया है। इसकी जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट साझा कर दी। मुस्लिम लीग जम्मू-कश्मीर(मसरत आलम गुट) पर यूएपीए के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने लिखा कि इस संगठन पर लोगों को भड़काने, आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के गंभीर आरोप हैं। साथ ही शाह ने कहा कि पीएम मोदी का साफ संदेश है कि राष्ट्र की एकता, सम्प्रभुता और अखण्डता के खिलाफ काम करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों, संगठनों को सख्त कानूनों का सामना करना पड़ेगा।

### अयोध्या रेलवे स्टेशन का नाम अब अयोध्या धाम

**अयोध्या।** अयोध्या रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर अयोध्या धाम जंक्शन कर दिया गया है। अयोध्या से भाजपा सांसद लल्लू सिंह ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर ये जानकारी दी। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा प्रस्तावित है, जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे। इससे पहले 30 दिसंबर को पीएम मोदी अयोध्या में नए एयरपोर्ट और नवनिर्मित रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। लल्लू सिंह ने एक्स पर लिखा कि पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में नाम परिवर्तित कर अयोध्या धाम जंक्शन कर दिया गया है।

## बेंगलुरु में दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक बसें



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट निगम ने मंगलवार को शहर के लिए इलेक्ट्रिक बसें शुरू की। इस दौरान विधानसभा भवन विधानसभा सौध के सामने खड़ी इलेक्ट्रिक बसें। -पीटीआई

### मणिपुर: संघर्षरत गुटों के पास हथियार शांति में बाधा



**कोलकाता।** सेना की पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता ने बुधवार को कहा कि पड़ोसी देश म्यांमार में अस्थिरता और मणिपुर में संघर्षरत समूहों के पास बड़ी संख्या में हथियारों का होना बड़ी चुनौती हैं और शांति बहाली में बाधा बन रही है। उन्होंने कहा, जब तक संघर्षरत गुटों के सदस्यों के पास हथियार हैं, स्थिति किसी भी समय भड़क सकती है।उन्होंने कहा, वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती गांवों का विकास किया जा रहा है। इससे लोगों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के साधन उपलब्ध कराने का प्रयास किए जा रहे हैं। निश्चित रूप इससे सीमावर्ती गांवों का कायाकल्प होगा। पूर्वोत्तर में आतंकवाद में कमी आई है।

भारतीय ओलंपिक संघ का अहम फैसला

# तदर्थ समिति देखेगी WFI का काम, भूपिंदर सिंह होंगे अध्यक्ष

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारतीय ओलंपिक संघ ने बुधवार भारतीय कुश्ती महासंघ का कामकाज देखने के लिए तीन सदस्यीस तदर्थ समिति (एडहॉक कमेटी)का गठन किया है। समित का अध्यक्ष चेयरमैन भूपिंदर सिंह बाजवा को बनाया गया है। इसके अलावा एमएम सौम्या और मंजुशा कुंवर सदस्य होंगे।

ये निर्णय ओलंपिक संघ ने भारतीय कुश्ती महासंघ को निलंबित करने के तीन दिन बाद लिया गया है।

यह फैसला ऐसे समय में हुआ था, जब भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह डब्ल्यूएफआई निर्वाचित हुए थे। उनकी जीत के बाद पहलवानों ने विरोध शुरू कर दिया था। साक्षी मलिक ने तो कुश्ती ही छोड़ने की घोषणा की। साक्षी के बाद पहलवान बजरंग पूनिया ने पद्मश्री और विनेश फोगाट ने खेल रत्न पुरस्कार और अर्जुन अवॉर्ड लौटाने की घोषणा की थी।

कुश्ती महासंघ के संचालन के लिए तदर्थ समिति के गठन से माना जा रहा है कि संगठन का निलंबन लंबा चल सकता है। तदर्थ समिति के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह वुशू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट रह चुके हैं। इस तरह उन्हें एक खेल संगठन को चलाने का अनुभव है।





### क्यों किया था निलंबन

दरअसल, केंद्रीय खेल मंत्रालय ने रविवार को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था। इसके पीछे मंत्रालय ने कहा था कि नवनिर्वाचित संस्था ने प्रक्रिया का समुचित पालन नहीं किया और पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की जल्दबाजी में घोषणा कर दी। खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलम्पिक संघ को पत्र लिखकर डब्ल्यूएफआई के लिए एक तदर्थ समिति गठित करने के लिए कहा था।

### इन कामों को देखेगी समिति

नई तदर्थ समिति खिलाड़ियों के चयन, टूर्नामेंट के आयोजन व अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों के नाम भेजने की जिम्मेदारी संभालेगी। इसके अलावा डब्ल्यूएफआई के बैंक खातों को संभालना, वेबसाइट के प्रबंधन और डब्ल्यूएफआई से जुड़ी अन्य गतिविधियों को नई समिति देखेगी।

### राहुल पहुंचे झज्जर, पहलवानों से की मुलाकात- आंदोलन पर हुई बातचीत

कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार सुबह हरियाणा के झज्जर के छारा गांव स्थित एक अखाड़े में पहुंचे, जहां उन्होंने बजरंग पूनिया और कुछ अन्य पहलवानों से मुलाकात की। इस दौरान उनकी पहलवानों के आंदोलन को लेकर भी बात हुई। राहुल गांधी कई घंटों तक अखाड़े में ही रुके रहे। इस दौरान उन्होंने पहलवानों के रोजमर्रा की दिनचर्या को जाना और वे किस तरह से अभ्यास करते हैं, इस बारे में भी पूरी जानकारी ली। राहुल को पहलवान बजरंग पूनिया के साथ कुश्ती लड़ते हुए भी देखा गया। उन्होंने व्यायाम भी किया। ओलंपिक पदक विजेता पूनिया ने बताया कि राहुल ने दूध, बाजरे की रोटी और साग खाया।

पुंछ में तीन नागरिकों की मौत का मामला

## पीड़ितों के परिजनों से मिले राजनाथ, दिया न्याय का भरोसा



**एजेंसी | श्रीनगर**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को भारतीय सेना से कहा कि उन्हें सिर्फ देश ही दुश्मनों से नहीं बचाना है बल्कि लोगों का दिल भी जीतना है। सुनिश्चित करें कि ऐसी चीजें दोबारा न हों। सिंह का बयान जम्मू-कश्मीरके पुंछ में हाल ही में आतंकवादियों के हमले बाद सेना के तलाशी अभियान के दौरान तीन लोगों की मौत के बीच आया है।

रक्षा मंत्री ने कहा, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का खात्मा होना चाहिए। हम आतंकवाद को खत्म करने की प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ें। सिंह केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए एक दिवसीय दौरे पर बुधवार को जम्मू पहुंचे। उनके साथ सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे भी थे।

रक्षा मंत्री ने सुरक्षा बलों के तलाशी अभियान के दौरान मृत मिले लोगों के परिजनों से मुलाकात की और एक महीन में न्याय दिलाने का वादा भी किया। हवाई अड्डे पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने उनका स्वागत किया।

### मृत मिले थे तीन नागरिक, सेना पर लगाए आरोप

ज्ञात रहे कि 22 दिसंबर को क्षेत्र में एक आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान तीन नागरिक मृत पाए गए थे। लोगों ने आरोप लगाया था कि उन्हें आतंकवादी हमले के बाद पूछताछ के लिए सुरक्षा बलों द्वारा उठाया गया था। नागरिकों की मौत के मामले में सेना ने कोर्ट आफ इन्क्वायरी के आदेश दिए हैं। ब्रिगेडियर स्तर के एक अधिकारी को हटा दिया गया है और तीन अन्य अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी है।

सुप्रीम कोर्ट की पहल: समिति गठित

## स्थगन पर एसओपी होगी तैयार

**एजेंसी | नई दिल्ली**

कार्यवाही स्थगित करने की मांग करने वाले वकीलों के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने के लिए न्यायाधीशों की एक समिति का गठन किया है। पैनल ने इस मुद्दे पर बार और अन्य हितधारकों से सुझाव भी मांगे हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन ने स्थगन पर्चियों के प्रचलन को बंद करने के बारे में शीर्ष अदालत द्वारा जारी परिपत्रों पर चिंता जताई थी, जिसके बाद यह मामला सामने आया है।



शीर्ष अदालत ने प्रक्रिया को समाप्त करने के संबंध में पांच दिसंबर और 22 दिसंबर को दो परिपत्र जारी किए थे। एससीबीए ने अपने सभी सदस्यों से इस पर दो जनवरी, 2024 तक सुझाव साझा करने को कहा है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने पहले वकीलों से आग्रह किया था कि नए मामलों में स्थगन का अनुरोध न करें। उन्होंने कहा था कि वह नहीं चाहते कि उच्चतम न्यायालय 'तारीख पे तारीख' देने वाली अदालत बन जाए, क्योंकि इस तरह के स्थगन नागरिकों का भरोसा तोड़ देते हैं।

### स्वागत





हैदराबाद। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के हैदराबाद पहुंचने पर स्वागत करते तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री व अन्य नेता

विदेश मंत्री जयशंकर की रूस यात्रा

# भारत-रूस अब मिलकर बनाएंगे सैन्य उपकरण!

**एजेंसी | मास्को/ नई दिल्ली**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने रूसी समकक्ष विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ द्विपक्षीय वार्ता की है। इस दौरान आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक से जुड़े मुद्दों पर वार्ता में चर्चा की गई। लावरोव ने मेक इन इंडिया के तहत सैन्य उत्पादों का उत्पादन करने की भारत की पहल का समर्थन करने की इच्छा जताई है।

साथ ही अंतरराष्ट्रीय परिवहन गलियारे के तहत चेन्नई-व्लादिवोस्तोक मार्ग की स्थापना पर भी जोर दिया गया है।

लावरोव ने जयंशकर के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमने आधुनिक हथियारों के संयुक्त उत्पादन की संभावनाओं पर चर्चा की, जिसमें सैन्य और तकनीकी सहयोग शामिल हैं। हमारे पास इस क्षेत्र एक खास हुनर हैं। दोनों देशों का सहयोग रणनीतिक प्रकृति का है। सहयोग को प्रगाढ़ करना दोनों देशों के हितों में हैं।





### ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने पर जोर- लावरोव

लावरोव ने कहा कि रूस, भारत की उसके सैन्य और तकनीकी संबंधों में विविधता लाने के इच्छा का सम्मान करता है। इसलिए हम मेड इन इंडिया कार्यक्रम के तहत सैन्य उत्पादों का उत्पादन करने का समर्थन करते हैं। बैठक में हमने ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने की अपनी आकांक्षा की पुष्टि की है। लावरोव ने कहा कि मैं और मेरे समकक्ष जयशंकर दोनों देशों के संबंधों के कानूनी ढांचे का विस्तार करने पर भी सहमत हुए। हमने इसको लेकर कई कदम उठाए हैं, जिसमें उत्तरी समुद्री मार्ग के विस्तार पर सहयोग शामिल हैं।

### दोनों देशों के संबंध मजबूत: जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और रूस संबंध बेहद प्रगाढ़ हैं। ये रिश्ते रणनीतिक अभिसरण, भू-राजनीतिक हितों पर आधारित हैं। ब्रिक्स सहित कई अतंरराष्ट्रीय मुद्दों के संबंध में राजनीतिक सहयोग पर चर्चा करने का समय हैं। हमने मौजूदा दोनों देशों के तथ्य की सराहना की। भारत और रूस ने पिछले वर्ष 50 अरब डॉलर का कारोबार किया है। उम्मीद है कि अगले साल यह आंकड़ा भी हम पार कर लेंगे। दोनों देशों के बीच व्यापार अधिक संतुलित है, यह टिकाऊ हैं। साथ ही कहा कि हम इस बात पर सहमत हुए हैं कि भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत इस साल जनवरी की दूसरी छमाही में फिर से शुरू की जाएगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल का अहम फैसला

## गंगा नदी पर बनेगा 4.56 किमी. लंबा 6 लेन का पुल

**नई दिल्ली।** गंगा नदी पर 4.56 किलोमीटर लंबा पुल बनने का रास्ता साफ हो गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को गंगा नदी पर 4.56 किलोमीटर लंबे पुल के निर्माण की मंजूरी दे दी। 6 लेन वाला यह पुल बिहार में दीघा और सोनपुर को जोड़ेगा। परियोजना की कुल लागत 3,064.45 करोड़ रुपए है। इसमें 2,233.81 करोड़ रुपए की निर्माण लागत शामिल है।

यह पुल पटना में गंगा नदी पर बनने वाला 7वां पुल होगा और बिहार के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों के बीच निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करने में मदद करेगा। दीघा, पटना और गंगा नदी के दक्षिणी तट और सोनपुर सारण जिले में गंगा नदी के उत्तरी तट पर स्थित है।

### भारत ऑकलैंड में महावाणिज्य दूतावास खोलेगा

भारत जल्द ही ऑकलैंड में महावाणिज्य दूतावास खोलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में ऑकलैंड में भारत का महावाणिज्य दूतावास खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। वर्तमान में ऑकलैंड में भारत का एक काउंसुलेट है, जिसका नेतृत्व एक मानद वाणिज्य दूत करते हैं।

### अयोध्या से विग्रह के जयपुर आने के 24 घंटे के भीतर हुआ भगवत गायन

# संगीतमय प्रवचन से रामलला को रिझाया

## श्रद्धालु हुए भावविभोर...

**बेधड़क.जयपुर।** अयोध्या से रामलला के अष्टधातु के बाल स्वरूप और बाल हनुमान विग्रह के आगमन पर बुधवार को सच बेधड़क के कार्यालय में संगीतमय भगवत स्तुति गान हुआ। पंडित महेश दत्त गुरुजी ने अपनी वाणी से एवं संगीतमय प्रवचन से रामलला को रिझाया। उन्होंने कहा कि यह एक अद्भुत विग्रह है, जिसे आए मात्र एक दिन भी नही हुआ और इस प्रकार का संगीतमय आयोजन हो गया। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। संगीतमय संध्या में सभी ने भावविभोर हो कर भगवान के गुणगान का रसपान किया। पंडित महेश दत्त गुरुजी ने रामलला के बाल्यकाल से जुड़े कई रोचक प्रसंग सुनाए।

### भगवान रामलला का बनेगा भव्य मंदिर

सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने बताया कि अयोध्या से यह अष्टधातु का रामलला और बाल हनुमान का सिद्ध विग्रह पूजा-अर्चना के बाद जयपुर लाया गया है। जल्द ही जयपुर में रामलला और बाल हनुमान की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। विग्रह की जयपुर में विशाल आरती और रामाभिषेकम किया जाएगा। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा कर भगवान रामलला का भव्य मंदिर बनवाया जाएगा।





### विनायक शर्मा लेकर आए हैं विग्रह

सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा यह सिद्ध विग्रह लेकर मंगलवार की शाम अयोध्या से जयपुर लेकर आए हैं। ढोल नगाड़ों के साथ जय श्रीराम के जयकारों के बीच रामलला और हनुमान के विग्रह को ऑफिस में लाया गया। वे 4 दिन से अयोध्या दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने वहां रामलला के दरबार में शीश नवाया और सरयू तट पर आरती की और हनुमानगढ़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की।









## City इवेंट्स

### अयोध्या के लिए पदयात्रा रवाना



**बेधड़क. जयपुर।** मोती डूंगरी मंदिर से बुधवार को श्री राम संदेश पदयात्रा रवाना हुई, जो कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दिन अयोध्या पहुंचेगी। भाजपा कार्यकर्ता राम सेवक अनुराग की ओर से ले जाई जा रही इस पदयात्रा को मोती डूंगरी मंदिर से मंदिर महंत कैलाश शर्मा और सामाजिक समरसता के क्षेत्रीय कार्य प्रमुख तुलसी नारायण ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अनुराग ने बताया कि रामलला के विराजने के दिन देश में दीपावली का महोत्सव होगा। देश का हर नागरिक इसमें शामिल हो, इसका संदेश पदयात्रा से दिया जाएगा। यात्रा में हर दिन शाम को राम आरती भी करेंगे। साथ ही रास्ते में राम संदेश की पत्रिका भी भरवाई जाएगी।

### नित्या शर्मा ने कराटे में जीता मेडल




**बेधड़क. जयपुर।** जय श्री श्याम एकेडमी और लर्निंग स्टेप स्कूल की ओर से आयोजित जूड़ो कराटे प्रतियोगिता में छात्रा नित्या शर्मा ने सिल्वर मेडल जीता। प्रतियोगिता में 15 स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही है, इसी कड़ी में विद्यालय स्तर पर भी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जय श्री श्याम एकेडमी और लर्निंग स्टेप स्कूल की जूड़ो कराटे प्रतियोगिता का आयोजन भी इसी कड़ी में किया गया है। यहां से ट्रेंड छात्र नेपाल, भूटान, और बांग्लादेश में खेल कर आ चुके हैं। यहां बच्चों के साथ बच्चियों को भी ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि वे खुद को फिट रखने के साथ-साथ, आत्मरक्षा भी कर सकें। साथ ही राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना और अपने परिवार का नाम रौशन कर सकें। अंत में प्रतियोगिता में जीतने वाले बच्चों को मेडल प्रदान किए गए।

### अखिल भारतीय विरासत समारोह का आगाज

## प्रख्यात गायकों ने संगतकारों के साथ बिखेरी स्वर लहरियां



**बेधड़क | जयपुर**

इंटरनेशनल ध्रुवपद धाम ट्रस्ट, जयपुर की ओर से आयोजित दो दिवसीय 29वें अखिल भारतीय ध्रुवपद नाद-निनाद-विरासत समारोह 'ध्रुवपद धरोहर' का बुधवार को आगाज हुआ। आरआईसी, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला की सहभागिता और कला संस्कृति साहित्य एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार के सहयोग से आयोजित समारोह में देश के प्रख्यात ध्रुवपद गायकों ने प्रसिद्ध संगतकारों के साथ ध्रुवपद गायन की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से डॉ. सुमीत आनन्द पांडे को युवा नाद रत्न सम्मान, वरिष्ठ लेखक अनुराग त्रिवेदी को पत्रकारिता में योगदान के लिए शब्द ब्रह्ममूर्ति सम्मान प्रदान किया गया। वहीं, पद्मश्री पं. उमाकान्त गुंदेचा को नादब्रह्म मूर्ति सम्मान से नवाजा गया। पत्रिका ध्रुवपद वाणी के पोस्टर का विमोचन भी इस दौरान किया गया। ध्रुवपदाचार्य पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग एवं प्रोफेसर डॉक्टर मधु भट्ट तैलंग के संयोजन में हो रहे इस समारोह की शुरुआत ट्रस्ट के 50 बच्चों द्वारा वैदिक गणपति स्तोत्र, गुरु वंदना से की गई। पखावज पर प्रतीश रावत ने सुंदर संगत की। इस दौरान विशिष्ट अतिथि पद्मश्री तिलक गीताई, प्रसिद्ध चित्रकार रामू राम देव और समारोह के सह संयोजक श्याम सुंदर शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम में पं. डॉ. सुमित आनंद पांडे ने प्रस्तुति दी। भोपाल के पद्मश्री पं. उमाकान्त गुंदेचा और आनंद गुंदेचा की ध्रुवपद-जुगलबंदी ने आध्यात्मिक शांति से सराबोर कर दिया।

### 'राजस्थानी फिल्म गीत कोश' का विमोचन 30 को



**जयपुर।** वरिष्ठ फिल्म पत्रकार और इतिहासकार एमडी सोनी के ग्रंथ 'राजस्थानी फिल्म गीत कोश' का विमोचन 30 दिसंबर को डॉ. राधाकृष्णन राज्य केंद्रीय पुस्तकालय के सभागार में दोपहर तीन बजे किया जाएगा। सिने विरासत प्रकाशन की इस पुस्तक का विमोचन बॉलीवुड के राइटर-डायरेक्टर मोहन कविया, सिने कोरियोग्राफर प्रवीण कुमार, संगीत के मर्मज्ञ केसी मालू, फिल्म वितरक नंदू जालानी, राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फिल्मकार अशोक चौधरी करेंगे। इस एनसाइक्लोपीडिया और कॉफी टेबल बुक में 1942 से 2022 तक राजस्थानी भाषा/उपभाषा में बनी 233 फिल्मों और उनके 1588 गीतों की शोधपरक, प्रामाणिक जानकारी शामिल की गई है। फिल्म समीक्षक और ट्रेड एनालिस्ट कोमल नाहटा ने इस की भूमिका लिखी है।

### 'राजस्थान सिने महोत्सव' आज से

## राजस्थानी सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए जयपुर में जुटेंगे फिल्म लवर्स

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थानी सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए फिल्म मेकर्स, कलाकार, तकनीशियन और फिल्म लवर्स राजधानी में जुटेंगे। मौका होगा एनके मित्तल एंड एलएस फिल्मस की ओर से खासा कोठी स्थित एक होटल में गुरुवार शाम 6:30 बजे से शुरू हो रहे 'राजस्थान सिने महोत्सव' का। महोत्सव में पहले दिन सुबह 11 बजे से तीन राजस्थानी मूवी की स्क्रीनिंग होगी जो शाम 5 बजे तक चलेगी।

शाम 7 बजे फैशन, म्यूजिक एवं एक्टिंग शो होंगे जिसमें 8 कॉलेज के स्टूडेंट्स लाइव परफॉर्म करेंगे। रात 9 बजे ओपन एयर डिस्को का कार्यक्रम रखा गया है। चार दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में राजस्थानी लोक कलाओं समेत कई एंटरटेनिंग परफॉर्मेंस, फिल्म स्क्रीनिंग, फैशन शो, अवॉर्ड, म्यूजिक कॉन्सर्ट, किड्स प्ले जोन, फूड कोर्ट सिने महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेंगे। हर दिन कार्यक्रम की शुरुआत राजस्थानी फिल्म की स्क्रीनिंग से होगी, जिसमें दर्शक चार दिन में 15 राजस्थानी फिल्मों का आनंद उठा सकेंगे। आयोजक नंदकिशोर मित्तल और लेखक-निर्देशक लखविंदर सिंह ने बताया कि 29 दिसंबर को ओटीटी 'टॉकीज 24' ऐप की लॉन्चिंग की जाएगी। समारोह के तीसरे दिन चार राजस्थानी फिल्मों की स्क्रीनिंग के बाद शाम 6:30 बजे एनकेएम अवॉर्ड शो का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राजस्थानी सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कलाकारों को प्रसिद्ध हस्तियों की ओर से 21 कैटेगिरी में एन.के.एम. राजस्थान सिने अवॉर्ड दिए जाएंगे। अवॉर्ड शो के बाद लाइव म्यूजिक, नृत्य कला, लाइव फैशन शो की प्रस्तुतियां और आखिर में ओपन एयर डिस्को होगा। अंतिम दिन फैशन, एक्टिंग और म्यूजिक शो का फाइनल ग्रांड फिनाले रखा गया है।

**संगीत प्रतियोगिता** | 30 को होगा मेगा फाइनल, 30 प्रतिभागियों का चयन

## स्वर माधुरी में देश की 85 प्रतिभाओं ने दिखाया हुनर

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी सहित देश के अनेक शहरों में आयोजित की जा रही ऑफ लाइन अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिता 'स्वर माधुरी' का बुधवार को सेमीफाइनल राउंड आयोजित किया गया। सीतापुरा स्थित जेईसीआरसी के ऑडिटोरियम में आयोजित इस राउंड में पूर्व के विभिन्न चरणों में चयनित कुल 85 गायन प्रतिभाओं ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। टेलेंट हंट का आयोजन गायिका सीमा मिश्रा द्वारा स्थापित सीमा मिश्रा राजस्थान लोक संगीत- कला अकादमी और भारत के प्रमुख राष्ट्रव्यापी साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन सम्पर्क क्रांति परिवार के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। दिनभर चली प्रतियोगिताओं में संगीत गुरु पं. आलोक भट्ट, लोक गायक, लोक संगीत मर्मज्ञ ईश्वर दत्त माथुर और मरु कोकिला सीमा मिश्रा ने प्रतिभाओं के हुनर की परख की और 30 प्रतिभाओं का फाइनल राउंड के लिए चयन किया।









### इन श्रेणियों में हुई प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्वर शिरोमणि की खोज करना है। यह कार्यक्रम तीन वर्गों में है, बाल वर्ग 'किलकारी', तरुण वर्ग तरुणाई, युवा वर्ग जुनून के लिए चार विधाओं में है। शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत, तथा सुगम संगीत के अनरिकॉर्डेड एवं रिकॉर्डेड श्रेणियों में होने वाली इस प्रतियोगिता में थैलेसीमिया, कैंसर, एड्स, दिव्यांग, विधवा महिलाओं एवं ट्रांसजेंडर (किन्नर) के लिए पंजीकरण शुल्क नहीं रखा गया है।

### ये रहेंगे निर्णायक के रूप में मौजूद

संपर्क क्रांति परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव विनायक शर्मा एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर प्रकाश छबलानी ने बताया कि अंतिम चरण की प्रतियोगिता 30 दिसंबर को शाम 5 बजे से महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित की जाएगी। फाइनल राउंड में पांच बार की फिल्मफेयर अवॉर्ड प्राप्त पार्श्व गायिका हेमलता और पद्मभूषण पं. विश्व मोहन भट्ट निर्णायक के रूप में मौजूद रहेंगे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, गुरुवार, 28 दिसंबर, 2023





एकांत एक उपहार है। बाक़ी सब परीक्षा है तुम्हारे धैर्य की और तुम्हारे जुनून की.!
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### बमबारी से पहले सेना ने लोगों से तत्काल इलाका खाली करने को कहा...

# इजराइल ने खोला युद्ध का नया मोर्चा



**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइली सेना ने उत्तरी और दक्षिणी गाजा में भयंकर तबाही मचाने के बाद अब युद्ध का नया मोर्चा खोल दिया है। इससे लोगों में दहशत फैल गई है। इजराइल ने युद्ध के नए मोर्चे वाले इलाकों में बमबारी से पहले लोगों से तत्काल इलाका खाली करने को कहा है। निश्चित समय में क्षेत्र से यदि लोग बाहर नहीं निकल जाते तो इजराइली सेना अपनी तरफ से हमले शुरू कर देगी। इसलिए आम नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए उन्हें तुरंत सुरक्षित क्षेत्रों की ओर जाने को कह दिया गया है। इससे लोगों में हड़कंप मच गया है।

इजराइल के पीएम नेतन्याहू ने आतंकियों को चेतावनी देते कहा है कि तुम कहीं भी हो, हम तुम्हारे पास पहुंचेंगे और तुम्हें खत्म कर देंगे।



### फ्रांस ने जताई चिंता

**पेरिस।** इजराइल-हमास के बीच चल रहे युद्ध को दो महीने से अधिक का समय हो गया है। इस युद्ध को लेकर अब फ्रांस ने चिंता जताई है। फ्रांस का कहना है कि वह गाजा में बढ़ती लड़ाई से चिंतित है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि फ्रांस सरकार इजराइल की हाल ही में की गई घोषणा से बेहद चिंतित है। इजराइल ने कहा था कि वह गाजा में हमास आतंकवादियों के खिलाफ लड़ाई को और तेज करेगा। जो युद्ध जीतने तक जारी रहेगा।

### पंजाब सीमा पर भारत के लिए नई टेंशन!

# अमृतसर से 60 किमी दूर नया एयरबेस बना रहा पाक

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान अमृतसर से 60 किमी दूर मुदरिके में नया एयरबेस बना रहा है। यह एयरबेस लाहौर के बिलकुल पास स्थित है। इसका इस्तेमाल भारत के खिलाफ हवाई हमलों को अंजाम देने के लिए किया जा सकता है। मुदरीके के अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास होने से पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों को भारत में दाखिल होने में पांच मिनट से भी कम का समय लगेगा। इतने कम समय में भारत के लिए जवाबी कार्रवाई करना मुश्किल हो सकता है।

पाकिस्तान की चाल भारतीय सीमा के नजदीक कई एयरबेस बनाकर अपनी हवाई क्षमता को बढ़ाना है। इससे पाकिस्तान को भारत को उलझाने की ताकत मिल जाएगी।




### भारत के लिए हो सकता है खतरनाक

पाकिस्तान का यह एयरबेस पंजाब और जम्मू कश्मीर के लिए अच्छा नहीं है। पाकिस्तान यहां से टोही ड्रोन का संचालन भी कर सकता है, जो भारतीय सीमा की रेकी जैसे मिशन को अंजाम दे सकते हैं। पाकिस्तान ने तुर्की से हाल के वर्षों में कई घातक ड्रोन खरीदे हैं। इनमें बेराकटार टीबी2 और अकिंसी ड्रोन शामिल हैं। ये ड्रोन हमले को भी अंजाम दे सकते हैं। पाकिस्तान इस एयरबेस पर एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइलें भी तैनात कर सकता है, जो अपने आसपास के बड़े क्षेत्र पर नजर रख सकती हैं।

### एयरबेस पर 6 हैंगर और रनवे तैयार

मुदरीके में बन रहे पाकिस्तानी एयरबेस पर 40 मीटर X 23 मीटर आकार के छह हैंगर बनाए गए हैं। इस एयरबेस के रनवे की लंबाई 1985 मीटर है। इससे इस एयरबेस पर लड़ाकू विमानों के अलावा मध्यम आकार के ट्रांसपोर्ट विमान भी आसानी से उतर सकते हैं। इस एयरबेस के जरिए पाकिस्तान भारत की सीमा पर अपने सैनिकों, गोला-बारूद और दूसरे साजोसामान की डिलीवरी तेजी से कर सकता है। इसका इस्तेमाल लाहौर हवाई अड्डे के विकल्प के तौर पर भी किया जा सकता है।

# पाकिस्तानी-हिंदू महिला पहली बार लड़ेगी चुनाव

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में अगले साल 8 फरवरी को आम चुनाव होंगे। इस चुनाव में पहली बार खैबर पख्तूनख्वा के बुनेर जिले में एक हिंदू महिला ने सामान्य सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक सवेरा प्रकाश नाम की हिंदू महिला ने बुनेर जिले में पीके-25 की सामान्य सीट के लिए आधिकारिक तौर पर अपना नामांकन पत्र जमा कर दिया है। हिंदू समुदाय की सदस्य सवेरा प्रकाश अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। सवेरा प्रकाश के पिता का नाम ओमप्रकाश है, जो एक रिटायर डॉक्टर है। वो पहले पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सदस्य भी रह चुके हैं।



**सवेरा प्रकाश मेडिकल की स्टूडेंट:** खैबर पख्तूनख्वा के एक स्थानीय नेता सलीम खान ने बताया कि सवेरा प्रकाश बुनेर से सामान्य सीट पर आगामी चुनाव के लिए नामांकन पत्र जमा करने वाली पहली महिला हैं। सवेरा प्रकाश ने एबटाबाद इंटरनेशनल मेडिकल कॉलेज से 2022 में ग्रेजुएशन किया है। वो पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी महिला विंग के महासचिव के रूप में कार्यरत है। सवेरा प्रकाश ने महिला विंग के महासचिव के रूप में काम करते हुए समुदाय के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है।

## लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने फिर किया जहाज पर हमला

**कराची।** ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने को लाल सागर में पाकिस्तान जाने वाले कंटेनर जहाज को निशाना बनाया, जिस जहाज पर हमला हुआ वह किंग अब्दुल्ला पोर्ट, सऊदी अरब से कराची बंदरगाह की ओर आ रहा था। जहाज की कंपनी ने खुद इस हमले की पुष्टि की। हालांकि जहाज पर कोई हताहत नहीं हुआ। हूती विद्रोहियों ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। जहाज की कंपनी मेडिटेरेनियन शिपिंग ने कहा कि यूनाइटेड VIII पर मंगलवार को लाल सागर पार करते समय हमला हुआ। एमएससी ने कहा कि सभी चालक दल सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। वहीं जहाज पर हुए कुल नुकसान का मूल्यांकन नहीं हो पाया है। गौरतलब है कि हाल के हफ्तों में हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में कई जहाजों को निशाना बनाया है।

**इजराइल-हमास युद्ध के कारण बढ़ रहे हैं हमले:** पिछले दिनों सऊदी अरब से भारत आ रहे जहाज पर अरब सागर में हमला हुआ था। इससे पहले करीब एक महीने पहले हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में एक कार्गो शिप गैलेक्सी लीडर को हाईजैक कर लिया था। यह जहाज तुर्किये से भारत आ रहा था। हूती विद्रोहियों ने इसे इजरायली जहाज समझ कर हाईजैक किया था।

### भारत की राह पर जापान

# चंद्रमा की कक्षा में पहुंचा जापान का यान

**एजेंसी** | टोक्यो

जापान की ओर से चांद को लेकर चलाए जा रहे मिशन में एक बड़ी कामयाबी मिली है। जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जेएएक्सए की ओर से विकसित किया गया चंद्रमा लैंडर 'मून स्नाइपर' ने चंद्रमा की कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर लिया। यह एक मील का पत्थर है जो पहली बार चंद्रमा की सतह पर एक रोबोटिक एक्सप्लोरर को उतारने के लक्ष्य के करीब लाता है। अपने वर्तमान पथ के हिसाब से लगभग 6 घंटे 40 मिनट में यह चंद्रमा का एक चक्कर पूरा कर रहा है। अगले कुछ हफ्तों में यह लैंडर धीरे-धीरे कक्षा के अंदर जाएगा। जनवरी में यह अंतरिक्ष यान एक ऐतिहासिक टचडाउन प्रयास करेगा। सफल होने पर जापान चंद्रमा पर पहुंचने वाला पांचवां और 21वीं सदी में उतरने वाला तीसरा देश बन जाएगा। 21वीं सदी में चंद्रमा पर भारत और चीन ही जा सके हैं। जापान का रोबोटिक एक्सप्लोरर एक पिनपॉइंट लैंडिंग की कोशिश करेगा, जिसका लक्ष्य सटीकता के साथ सॉफ्ट लैंडिंग करना होगा। चांद पर उतरने के बाद यह चंद्रमा की चट्टानों के बारे में डेटा इकट्ठा करेगा। यह डेटा वैज्ञानिकों को चंद्रमा के गठन को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकता है।



### कब करेगा लैंडिंग

जेएएक्सए ने घोषणा की कि लैंडर को एक अंडाकार कक्षा में स्थापित किया गया है। जो चांद से लगभग 600 किमी से 4000 किमी की ऊंचाई पर है। यह चांद के उत्तरी-दक्षिणी ध्रुव के ऊपर से गुजरेगा। अगले साढ़े तीन सप्ताह तक अंतरिक्ष यान अपनी दूरी लगातार कम करेगा। तब यह सतह से 15 किमी ऊपर तक होगा। मून स्नाइपर लैंडर को SLIM भी कहा जाता है। 19 जनवरी को जपान के समय के मुताबिक 12:20 एमएम पर यह सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास करेगा।

### क्या है मून स्नाइपर

स्लिम एक हल्का लैंडर है जो 100 मीटर तक फैले लैंडिंग क्षेत्र में उतरने का प्रयास करेगा। इसकी लैंडिंग एक सटीक जगह होगी, जिस कारण इसका नाम मून स्नाइपर पड़ा। अगर यह चंद्रमा की सतह तक पहुंच जाता है तो शिओली नाम के एक क्रेटर के पास साइट का पता लगाने की उम्मीद है। यह लैंडिंग साइट नासा के अपोलो-11 के लैंडिंग साइट के पास है, जहां अंतरिक्ष यात्री पहली बार 1969 में उतरे थे। इस साल अगस्त में भारत चांद पर उतरने वाला चौथा देश बना। चंद्रयान-3 की विक्रम लैंडर चांद पर उतरा था।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl